डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए सर्च करें rojgaraurnirman

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 05.04.2021 वर्ष 14 अंक 07

संभागीय कमिश्नर कोरोना संक्रमण के नियंत्रण में सक्रिय भूमिका निभाएं - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के सभी कमिश्नर से चर्चा कर कोरोना की स्थिति की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संभाग स्तर पर रोगियों के लिए बेड संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के करीब एक तिहाई जिलों में संक्रमण ज्यादा होने के नाते उन जिलों के संभागीय मुख्यालय पर जरूरी उपचार प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। इन जिलों में संक्रमण की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए संभागीय आयुक्त आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। इसके साथ ही वैक्सीनेशन की गति भी तीव्र की जाए। समीक्षा बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 29 मार्च तक 32 लाख 35 हजार नागरिक वैक्सीन डोज लगवा चुके हैं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने प्रभार के जिलों का भ्रमण कर कोरोना के उपचार एवं अन्य व्यवस्थाओं को देखें और आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। रोगियों की जांच, उनके उपचार और आइसोलेशन के प्रबंध, जन-जागरूकता और वैक्सीनेशन कार्यों की समीक्षा भी की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर प्रतिदिन कोरोना की जिलेवार समीक्षा की जा रही है। इसी तरह प्रभारी अधिकारी अपने जिले में कोरोना के नियंत्रण के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाओं को देखते हुए इनके क्रियान्वयन का भी निरंतर अनुश्रवण करें।

अच्छी प्रैक्टिसेस को अन्य जिले अपनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा जिन जिलों ने जागरूकता से कोरोना के संक्रमण को नियंत्रित करने में सफलता प्राप्त की है, अन्य जिलों में भी इसका अनुकरण होना चाहिए। बैठक में जानकारी दी गई कि खंडवा में रेलवे प्रशासन के सहयोग से जन जागरूकता और कोरोना संक्रमण के नियंत्रण में सफलता मिली है।

स्व-सहायता समूहों का सहयोग भी लिया जा रहा है। इसी तरह गुना और बुरहानपुर में संक्रमण को नियंत्रित करने में अच्छी कामयाबी मिली है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इन जिलों की तर्ज पर अन्य जिलों में संक्रमण पर अंकुश के प्रयास किए जाने के निर्देश दिए।

प्रदेश में पॉजिटिव प्रकरण

बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश में 2323 पॉजिटिव केस मिले हैं। प्रदेश में इस समय एक्टिव प्रकरण 965 हैं। कुल 9 मृत्यु रिकॉर्ड हुई हैं। प्रदेश में अभी कोरोना संक्रमण का पॉजिटिविटी रेट 8.2 प्रतिशत है। यह औसत गत 7 दिवस के आधार पर निकाला जाता है। प्रदेश के दो प्रमुख नगरों की चर्चा करें, तो इन्दौर में प्रदेश के कुल प्रकरणों का 28 प्रतिशत और भोपाल में 21 प्रतिशत है। प्रदेश के सात जिलों इन्दौर, भोपाल, जबलपुर, रतलाम, खरगौन, बैतूल और ग्वालियर में 50 से अधिक नये प्रकरण प्रतिदिन सामने आ रहे हैं।

इसी तरह जिन 11 जिलों में बीस से अधिक प्रकरण रोजाना सामने आ रहे हैं, उनमें बड़वानी, विदिशा, देवास, सागर, उज्जैन, खण्डवा, छिन्दवाड़ा, सीहोर, शाजापुर, धार और राजगढ़ शामिल हैं।

प्रदेश में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की अनुमानित जनसंख्या 71 लाख है। इनमें से 16 लाख 83 हजार अर्थात इस वर्ग के 24 प्रतिशत नागरिकों को वैक्सीन का प्रथम डोज लग चुका है। इसी तरह विभिन्न व्याधियों से ग्रस्त 45 से 59 वर्ष की आयु के करीब ढाई लाख लोगों को वैक्सीन का प्रथम डोज लग चुका है।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान, आयुक्त स्वास्थ्य डॉ. संजय गोयल, जनसम्पर्क आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े उपस्थित थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी भी बैठक से जुड़े।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के सभी कमिश्नर्स से चर्चा कर कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

वैक्सीनेशन में तेजी

प्रदेश में वैक्सीन के पर्याप्त डोज उपलब्ध हैं। अब तक 32 लाख 35 हजार नागरिकों को वैक्सीन लग चुकी है। गत 27 मार्च को 1.1 लाख लोगों को वैक्सीन लगी। इसके पहले 20 मार्च को सर्वाधिक 3 लाख 57 हजार 500 लोगों को वैक्सीन लगी थी। आने वाले तीन दिवस में प्रदेश के चार लाख नागरिकों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है। हेल्थ वर्कर्स, फ्रंटलाइन वर्कर्स, प्रियारिटी ग्रुप के लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है।

सीमित लॉकडाउन संक्रमण पर अंकुश लगाने में सहयोगी

समीक्षा बैठक में श्री चौहान ने कहा कि महाराष्ट्र से आने वाले यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग का कार्य जारी रखा जाए। प्रदेश में अधिक संक्रमण वाले नगरों में सीमित लॉकडाउन की व्यवस्था लागू रहेगी। बाजारों में भीड़ पर नियंत्रण से पॉजिटिव प्रकरण भी कम हो रहे हैं। इसलिए सीमित लॉकडाउन की व्यवस्था जिन स्थानों पर आवश्यक है वहाँ जारी रखी जायेगी। पूरे प्रदेश में संक्रमण की स्थिति की समीक्षा करते हुए शीघ्र ही अन्य आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

छात्रवृत्ति

तीन लाख विद्यार्थियों को दी गई छात्रवृत्ति

भोपाल, मध्यप्रदेश में पिछले वर्ष पिछड़ा वर्ग के 3 लाख विद्यार्थियों को 419 करोड़ रुपये की पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति का वितरण किया गया है। यह छात्रवृत्ति पिछड़ा वर्ग के कक्षा 11वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर तथा तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रदान की जाती है।

वित्तीय वर्ष 2013-14 से कक्षा 11वीं एवं 12वीं की पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति की स्वीकृति एवं वितरण कार्य स्कूल शिक्षा विभाग को सौंपा गया है। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिये विभागीय बजट में पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है।

छात्रगृह योजना के लिये विभागीय बजट में 55 लाख रुपये का प्रावधान

पिछड़े वर्ग के ऐसे विद्यार्थियों को जिन्हें छात्रावास में स्थान अभाव के कारण जगह नहीं मिल पाती है, उनके लिये पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा छात्रगृह योजना संचालित की जा रही है। विभाग के बजट में इस वर्ष इस योजना के लिये 55 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

परीक्षा संबंधी जानकारियों के लिए हेल्पलाइन सेवा प्रारंभ

भोपाल, माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए मंडल हेल्पलाइन सेवा एक अप्रैल से संचालित की जाएगी। विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों को टोल फ्री दूरभाष क्रमांक 18002330175 पर परीक्षाओं एवं मंडल से संबंधित अन्य जानकारियां प्रदान की जाएंगी। हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से प्रदेश के हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

खास खबर

सभी परिवारों को नल के माध्यम से मिलेगा पेयजल

भोपाल, जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2024 तक सभी परिवारों को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही हर परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जायेगा। यह बात जनजातीय कार्य मंत्री सुश्री मीना सिंह ने उमरिया जिले के पाली जनपद के ग्राम कुनकुनी में 15.74 लाख रुपये लागत के सीसी रोड और पुलिया निर्माण के भूमि पूजन के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कही। जनजातीय कार्य मंत्री ने इस मौके पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को इसके निराकरण किये जाने के निर्देश दिये।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

आजादी का अमृत महोत्सव

इस दांडी यात्रा का संदेश है आत्मनिर्भर भारत का निर्माण

सूरत, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान दांडी यात्रा के दौरान गुजरात में सूरत जिले के छापरभाटा में 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आजादी के 75वें वर्ष में आयोजित इस दांडी यात्रा का संदेश है, आत्मनिर्भर भारत का निर्माण तथा उसके लिए हम सब का संकल्पबद्ध होना। यह मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य है, कि मुझे आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दांडी नमक सत्याग्रह की स्मृति में आयोजित, इस दांडी यात्रा में शामिल होने का अवसर मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाई, सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश का एकीकरण किया और अब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आत्मनिर्भर भारत का नव-निर्माण कर रहे हैं। आज हम सब इस दांडी यात्रा के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर गुजरात के वन एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री रमण लाल पाटकर, सांसद श्रीमती दर्शना बेन आदि उपस्थित थे।

श्री चौहान ने कहा कि 12 मार्च 1930 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम से दांडी यात्रा नमक सत्याग्रह प्रारंभ किया था और 5 अप्रैल को दांडी नवसारी पहुंचकर एक मुट्ठी नमक उठाकर, अंग्रेज शासन द्वारा नमक पर लगाए गए प्रतिबंध को तोड़ दिया था। नमक प्रतीक है वफादारी का, देशभक्ति का तथा आज के संदर्भ में, यह प्रतीक है, आत्मनिर्भरता का। श्री चौहान ने कहा कि उस समय गांधीजी ने दांडी यात्रा के माध्यम से देश को आजाद करने का संकल्प लिया था, आज हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित दांडी यात्रा के माध्यम से हम संकल्प ले रहे हैं, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व के एक हजार वर्ष के इतिहास में महात्मा गांधी जी जैसा व्यक्तित्व पैदा नहीं हुआ है, जिन्होंने अहिंसा के पथ पर चलकर देश को आजादी दिलवाई। एक ओर गांधीजी का अहिंसक आंदोलन था, वहीं दूसरी ओर हजारों क्रांतिकारियों ने देश की स्वतंत्रता के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

वैक्सीनेशन कोरोना से बचने का प्रभावी तरीका - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंत्रालय में कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहा है कि प्रदेश में कोरोना के प्रकरण लगातार बढ़ रहे हैं, परंतु घबराने की ज़रूरत नहीं है। सभी जिलों में निःशुल्क टेस्टिंग, इलाज एवं बेड की पर्याप्त उपलब्धता है। शासकीय अस्पतालों, अनुबंधित निजी अस्पतालों एवं आयुष्मान योजना में चिन्हित अस्पतालों में कोरोना का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। निजी अस्पतालों के लिए भी फीस की सीमा निर्धारित की गई है वे इससे अधिक फीस नहीं ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैक्सीनेशन कोरोना से बचने का प्रभावी तरीका है। अभी 60 वर्ष से अधिक उम्र वालों को एवं 45 से अधिक उम्र वालों को, जिन्हें कोमोरबिडिटी हो, टीका लगाया जा रहा है। आगामी 1 अप्रैल से 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों को भी टीके लगाए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कोरोना का वैक्सीन अवश्य लगवाएँ। अभी तक प्रदेश में 31 लाख व्यक्तियों को कोरोना वैक्सीन लगाई जा चुकी है।

मास्क नहीं पहनने पर जुर्माना

बैठक में कोरोना की जिलेवार समीक्षा में बताया गया कि मास्क नहीं पहनने तथा सामाजिक दूरी का पालन न करने पर जुर्माना एवं ओपन जेल की कार्रवाई की जा रही है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

27 मार्च

पंद्रह साल पुराने वाहन पर ग्रीन टैक्स

● केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने कहा है कि देश में मौजूद 15 साल पुराने 4 करोड़ वाहनों पर ग्रीन टैक्स लगाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। डिजिटल आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा कर्नाटक में 70 लाख, उत्तरप्रदेश में 56.54 लाख, दिल्ली में 49.93, केरल में 4.64, तमिलनाडु में 33.43 लाख, पंजाब में 25.38 लाख वाहन हैं। केंद्र सरकार ने ऐसे वाहनों पर ग्रीन टैक्स लगाये जाने का प्रस्ताव राज्य सरकारों को भेज दिया है।

● गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री श्री मुख्तार

अब्बास नकवी की उपस्थिति में पणजी के कैंपल स्थित कला केंद्र में स्वदेशी कारीगरों और दस्तकारों के लिए 28वें हुनर हाट का उद्घाटन किया। इस अवसर डॉ. प्रमोद सावंत ने कहा कि हुनर हाट सरकार की स्वदेशी की प्रतिवद्धता को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। 'हुनर हाट', सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के विचार को भी मजबूती दे रहा है और जरूरतमंद कारीगरों व दस्तकारों को आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करा रहा है।

28 मार्च

इरडा ने कोरोना बीमा की समयावधि बढ़ाई

● बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण-इरडा ने कोरोना स्पेशल हेल्थ पॉलिसी जारी करने की तारीख 30 सितम्बर तक बढ़ा दी है। यह तारीख 31 मार्च को खत्म हो रही थी। इरडा ने पिछले साल जून में कम अवधि की कोरोना कवच और कोरोना रक्षक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के लिये नये दिशा-निर्देश जारी किये थे।

● शैक्षणिक वर्ष 2021-2022 के लिए केंद्रीय विद्यालय की प्रथम कक्षा में एडमिशन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 1 अप्रैल 2021 से शुरू होगा, जबकि दूसरी कक्षा और इससे ऊपर की कक्षाओं के लिए पंजीकरण ऑफलाइन मोड में 8 अप्रैल 2021 से शुरू किए जाएंगे। पहली क्लास के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 1 अप्रैल 2021 को सुबह 10:00 बजे से शुरू होगा और 19 अप्रैल 2021 को शाम 7:00 बजे बंद होगा। एडमिशन के लिए अधिक जानकारी https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in वेबसाइट पर या एंड्रॉइड मोबाइल एप के जरिए भी प्राप्त की जा सकती है।

29 मार्च

बेलारूस में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

● बेलारूस में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले 190 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। मानवाधिकार संगठन केंद्र वियासना की वेबसाइट पर इस आशय की जानकारी दी गई। इससे पहले बेलारूस पुलिस की प्रवक्ता नटालिया ने बताया कि गैर कानूनी रैलियों में हिस्सा लेने वाले लोगों को हिरासत में लिया गया है।

● पाकिस्तान ने परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल शाहीन 1-ए का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। पाकिस्तान सेना के मीडिया विंग इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस के अनुसार यह मिसाइल 900 किलोमीटर तक लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बना सकती है। ज्ञात रहे कि पाकिस्तान जनवरी-2021 से अब तक 5 मिसाइलों का परीक्षण कर चुका है।

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2024 तक देश के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी घरों में पाइप से पेयजल पहुंचाने के लिए 15 अगस्त 2019 को की गई घोषणा के बाद से अब तक जल जीवन मिशन के अंतर्गत चार करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में पाइप (नल) से पेयजल आपूर्ति का नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है। इस समय कुल ग्रामीण घरों के 1/3 से अधिक (38 प्रतिशत) अर्थात 07 करोड़ 24 लाख ग्रामीण घरों में नल का पानी उपलब्ध हो गया है। गोवा देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है जहां शत प्रतिशत ग्रामीण घरों में पाइप से पीने का पानी मिल रहा है। इसके बाद तेलंगाना एवं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह आते हैं।

30 मार्च

कोरोना प्रोटोकाल तोड़ा तो लगेगा जुर्माना

● नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कोरोना प्रोटोकाल का पालन नहीं करने पर जुर्माना लगाने और पुलिस कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। डीजीसीए ने कहा कि जो यात्री सही से मास्क नहीं लगाते और सामाजिक दूरी का पालन नहीं करते उन पर जुर्माना लगाने पर विचार करना चाहिए। डीजीसीए ने पहले ही हवाई अड्डों और विमानन कंपनियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि यात्री हवाई यात्रा के दौरान हर समय मास्क पहनें और सामाजिक दूरी बनाए रखें। दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भी कहा था।

● पटना के दीघा और कंकड़बाग क्षेत्र में एसटीपी और सीवरेज नेटवर्क को विकसित करने के लिए डीके सीवेज प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड (वीए टेक वाबाग की सहायक) और पीएफएस के बीच वित्तपोषण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। परियोजना में गंगा नदी के तट पर स्थित सबसे घनी आबादी वाले शहरों में एक पटना के दीघा और कंकड़बाग क्षेत्र में 150 एमएलडी क्षमता के सीवेज शोधन संयत्र के विकास के साथ 453 किलोमीटर का सीवरेज नेटवर्क विकसित किया जाना शामिल है। दीघा एसटीपी की क्षमता 100 एमएलडी और कंकड़बाग एसटीपी की क्षमता 50 एमएलडी होगी।

31 मार्च

सरकार ने बढ़ाई डीएल और आरसी की वैधता अवधि

● कोरोना महामारी के चलते सरकार ने ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल), पंजीकरण प्रमाण पत्र (आरसी) और परमिट जैसे मोटर वाहन दस्तावेजों की वैधता बढ़ाने का फैसला लिया है। इन दस्तावेजों की वैधता 30 जून 2021 तक बढ़ा दी गई है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राज्यों से कहा है कि एक फरवरी से समाप्त हो चुके दस्तावेजों की वैधता 30 जून, 2021 तक वैध मानी जा सकती है।

● मौसम विभाग का अनुमान है कि इस साल अप्रैल से जून तक उत्तर और पूर्वी भारत में दिन का तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है। वहीं दक्षिण भारत के अधिकतर हिस्सों, पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों, पूर्वोत्तर आदि क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य स्तर से कम रहने का अनुमान है। गौरतलब है कि देश के कई हिस्सों में मार्च महीने में ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया था।

● केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। इस योजना में 10,900 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसका उद्देश्य देश को वैश्विक स्तर पर खाद्य विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर लाना है, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारतीय खाद्य उत्पादों के ब्रांडों को बढ़ावा देना, वैश्विक स्तर पर खाद्य क्षेत्र से जुड़ी भारतीय इकाइयों को अग्रणी बनाना, कृषि क्षेत्र से इतर रोज़गार के अवसरों में वृद्धि करना, कृषि उपज के लिए उपयुक्त लाभकारी मूल्य और किसानों के लिए उच्च आय सुनिश्चित करना आदि हैं।

1 अप्रैल

पैन से आधार लिंक करने की तिथि बढ़ी

● कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सरकार ने एक बार फिर पैन को आधार से लिंक करने की समय सीमा बढ़ा दी है। दोनों को लिंक करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 जून 2021 कर दी गई है। पहले यह 31 मार्च, 2021 थी। पैन को आधार से लिंक नहीं करने पर वित्तीय लेनदेन में परेशानी हो सकती है।

● एक अप्रैल, 2021 से पिछले वर्ष 5 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाले जीएसटी करदाता के लिए 6 अंकों वाला एचएसएन कोड प्रस्तुत करना और करयुक्त वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति पर रसीद जारी करते वक्त सर्विस अकाउंटिंग कोड अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा ऐसे जीएसटी करदाता जिनका पिछले वित्तीय वर्ष में 5 करोड़ रुपये तक टर्नओवर है, उन्हें बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) रसीद पर 4 अंकों का एचएसएन कोड देना जरूरी होगा। इस आधार पर जीएसटी करदाता को एक अप्रैल 2021 से अपनी रसीद में एचएसएन/एसएसी की जानकारी देना अनिवार्य हो गया है।

● नए कृषि कानूनों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति ने एक सीलबंद लिफाफे में कोर्ट को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। सुप्रीम कोर्ट में अब 5 अप्रैल को इस मामले की सुनवाई होनी है। समिति ने कहा है कि मामले का हल निकालने के लिए करीब 85 किसान संगठनों से बात की गई है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने अनिल घनवट, भूपिंदर सिंह मान, अशोक गुलाटी और प्रमोद कुमार जोशी को इस समिति का सदस्य बनाया था, लेकिन भूपिंदर सिंह मान ने कमेटी से नाम वापस ले लिया था।

2 अप्रैल

नया आयकर रिटर्न फॉर्म जारी

● सरकार ने आकलन वर्ष 2021-22 के लिए नया आयकर रिटर्न फॉर्म जारी कर दिया है। सीबीडीटी ने कहा कि आयकर कानून-1961 में किए गए संशोधनों के अनुरूप ही आयकर रिटर्न फॉर्म में मामूली बदलाव किए गए हैं। यह जरूरी बदलाव आईटीआर-1 से लेकर आईटीआर-7 फॉर्म में किए गए हैं। आईटीआर फॉर्म को दाखिल करने की प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह पिछले साल की तरह ही समान है।

● आर्मी वॉर कॉलेज महू ने भारतीय सेना के प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान के रूप में अपनी स्थापना के 50 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में अपनी स्वर्ण जयंती मनाई। यह कॉलेज भारतीय सेना में सभी सामरिक प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र है एवं पूरी तरह से भारतीय सशस्त्र बलों के और मित्र देशों के अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए उत्तरदाई है। कॉलेज युद्ध कला की शिक्षा प्राप्त करने, रणनीति, रसद, समकालीन सैन्य अध्ययन एवं सैन्य सिद्धांत में सुधार का अग्रणी स्थान है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

APPOINTMENTS

Acropolis, one of the leading educational groups in MP requires faculty for various positions in MBA

Principal & Professor, Associate Professor and Assistant Professor In Areas Of Marketing, Finance, HR, Operations, Business Analytics And Systems

Interested candidates may apply with all self attested testimonials and a passport size photograph, in hard copy within seven days from the date of advertisement to the address given below or email on hrafmr@acropolis.in. Qualifications, experience and salary as per AICTE norms. Faculty selection will be done under college code 28

Acropolis Faculty of Management and Research

ACROPOLIS Enlightening Wisdom | Indore Bypass Road, Manglia Square, Near Toll Plaza, Indore (M.P.) | Ph. : 0731-4730072/77

PANKAJ

R-45446/2021

कौटिल्य एकेडमी

MPPSC

PRE + MAINS

MAINS SPECIAL BATCH ACCORDING TO NEW SYLLABUS

INTERVIEW

12 अप्रैल 2021 से नई बैचेस प्रारंभ

हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की पृथक बैचेस

IAS • IPS • MPPSC • CJ-II • SI • BANK • SSC • NDA • CDS

मुख्यालय : भंवरकुआं चौराहा, इंदौर

Call : 94250 68121, 98939 29541

PANKAJ

OUR PRESENCE : INDORE, JABALPUR, BHOPAL, GWALIOR, SAGAR, CHHATARPUR, REWA, SATNA, CHHINDWARA, SHAHDOL, BALAGHAT, UJJAIN, GUNA, SHIVPURI, DHAR, VIDISHA, TIKAMGARH, KHANDWA, BARWANI, NIWARI, KATNI, RATLAM, DAMOH, JHABUA, HOSHANGABAD, SEHORE, BETUL, NARSINGHPUR, BHIND, RAIPUR, BILASPUR, JAIPUR Coming Soon - BURHANPUR, KHARGONE, HARDA

R-45447/2021

वर्ष 38, अंक 14 05.04.2021 से 11.04.2021

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुधाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011

फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स -4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टेली मेडिसिन सेवा

हमें शासकीय अस्पतालों की सेवाओं और स्वच्छता को निरंतर वेहतर वनाना है। प्रदेश में यह धारणा बने कि शासकीय अस्पताल में यदि जगह नहीं मिलेगी तो ही हम प्राइवेट अस्पताल में जायेंगे। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाएं प्रदेश की जनता की पहली प्राथमिकता होंगी। वेहतर व्यवहार, स्वच्छता और सही इलाज मिल जाये तो व्यक्ति यही कहता है कि डॉक्टर तुम भगवान हो। हमारी कोशिश यही है कि तकनीक का उपयोग कर हम संपूर्ण प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी जन-जन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा सकें। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री प्रदेश के 550 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेषज्ञ टेली मेडिसिन सेवा और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने के लिये राज्य स्तरीय इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर 'सुमन' के शुभारंभ अवसर पर वोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण के विरुद्ध डॉक्टरों तथा पैरामेडिकल स्टाफ ने महर्षि दधिचि के समान उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना का कहर अभी घटा नहीं है। मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये अनावश्यक भीड़ से वचना जरूरी है। कोरोना का सामना करने के लिये प्रदेश में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं विद्यमान हैं। गरीवों का निःशुल्क इलाज हमारी प्रतिवद्धता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कोरोना संक्रमण को वढ़ने से रोकने में प्रदेशवासियों से सहयोग और सभी सावधानियों का पालन करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को साकार रूप देने के लिये प्रदेश में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप वनाया गया है। इसमें स्वास्थ्य प्रमुख घटक है। प्रदेश के कुल वजट का 7.5 प्रतिशत स्वास्थ्य सुविधाओं पर खर्च होगा। प्रदेश में डॉक्टरों की कमी न रहे इसके लिये नये मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल सहित विशेषज्ञ सुविधाओं का लाभ जन-जन को उपलब्ध कराने के लिये तकनीक का हरसंभव उपयोग किया जा रहा है। टेली मेडिसिन सुविधा और मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य के लिये एकीकृत कमांड कंट्रोल सेंटर 'सुमन' वरदान सिद्ध होंगे। प्रदेश में प्राथमिक तथा उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक निःशुल्क वितरित की जाने वाली दवाओं और मेडिकल जांचों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रदेश के दूरस्थ अंचलों में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना चुनौतीपूर्ण रहा है। टेली मेडिसिन जैसी तकनीक की मदद से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी विशेषज्ञ सेवायें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध करायी जा सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वच्छ वातावरण विकसित करने के लिये वर्ष 2015 से काया-कल्प अभियान की शुरुआत की गई है। टेली मेडिसिन सुविधा के अंतर्गत हव पर विशेषज्ञ रहते हैं, जो स्पोक स्तर पर टेली कंसल्टेशन के माध्यम से चिकित्सकीय परामर्श देते हैं। वर्तमान में प्रदेश के 51 जिला चिकित्सालयों में प्रदेश हव की स्थापना की गई है, जो 4 हजार 200 उप स्वास्थ्य केंद्रों को टेली कंसल्टेशन दे रहे हैं। अभी प्रदेश में 550 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर यह सुविधा आरंभ की गई है। शिशु रोग, स्त्री रोग तथा मेडिसिन विशेषज्ञ हव केंद्रों से चिकित्सा परामर्श उपलब्ध करायेंगे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पैथोलॉजी और अन्य जांचों की सुविधा भी होगी। राज्य शासन द्वारा प्रति कंसल्टेशन 215 रुपये का भार वहन किया जायेगा। हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं तथा शिशुओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच और प्रवंधन प्रदान किये जाने की मॉनीटरिंग के लिये राज्य स्तर पर एकीकृत कमांड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की गई है। आम लोगों की स्वास्थ्य की सुविधा के लिये प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। आने वाले दिनों में इसके वेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

जर्मनी में हुआ अध्ययन पक्षी बढ़ाते हैं खुशहाली

ऐसे लोगों की बड़ी तादात है जो यह चाहते हैं कि उनके दिन की शुरुआत पक्षियों की चहचहाहट से हो। पक्षियों की आवाज उन्हें सुकून देती है। अभी हाल ही में हुये अध्ययन में यह बात सामने आयी है कि पक्षी आपकी खुशियों के साक्षी भी वन सकते हैं। हमारे आसपास के माहौल में पक्षियों की उपस्थिति हमें खुशहाल कर सकती है। जर्मनी में हुये अध्ययन में यह पाया गया है कि पक्षी की व्यापक विविधताओं से घिरे होने पर हमारी संतुष्टि वढ़ जाती है। जर्मन सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव बायोडायवर्सिटी रिसर्च में 2012 के यूरोपीय सर्वेक्षण ऑफ लाइफ सर्वे से डेटा लिया गया। इसमें यह जानने की कोशिश की गई है कि पक्षियों की प्रजातियों की विविधता किस तरह 26 यूरोपीय देशों में 26,000 लोगों को प्रभावित करती है। फ्रैंकफर्ट में गोएथ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और प्रमुख अध्ययनकर्ता जोएल मेथॉस्ट का कहना है कि अध्ययन के परिणामों में हमने पाया है कि सवसे खुशहाल यूरोपीय वे हैं जो अपने दैनिक जीवन में कई अलग-अलग पक्षियों की प्रजातियों को देखते हैं, उनकी आवाजें सुनते हैं या जो निकट प्रकृति परिवेश में रहते हैं और उनके घर के आसपास पक्षियों की प्रजातियों का वसेरा है, एक अन्य शोधकर्ता डॉ. कार्टिन वोहनिंग के मुताविक हमने सर्वे में शामिल लोगों के सामाजिक, आर्थिक आंकड़ों की भी जांच की। हमने पाया कि विविधता उनके जीवन की संतुष्टि के लिये उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी कि उनकी अतिरिक्त आय होती है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

हिन्दी रंगमंच दिवस 03 अप्रैल

व्यापक आधारभूमि पर विकसित हुआ है हिन्दी रंगमंच का रचना - संसार

हिन्दी रंगमंच - शास्त्रीय (संस्कृत), लोक एवं पारसी रंगमंच की पृष्ठभूमि पर विकसित हुआ है। यद्यपि संस्कृत में भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में जिस- 'नाट्य' शब्द का प्रयोग किया गया है उसका तात्पर्य केवल नाटक तक ही सीमित नहीं था, भरत मुनि ने उसे व्यापक अर्थ में विस्तार दिया था और रंगमंच में अभिनय, नृत्य, संगीत, रस वेशभूषा, रंगशिल्प, और दर्शक आदि भी समाहित थे। भारत में संस्कृत के रंगमंच के कमजोर पड़ जाने के वाद भी लोक रंगमंच की परम्परा अत्यंत सुदृढ़ रही। नौटंकी, रासलीला, स्वांग, रामलीला, नकल, खयाल, यात्रा, यक्षगान, नाचा और तमाशा आदि लोकप्रिय लोक नाट्य रूप रहे हैं। इसी प्रकार पारसी रंगमंच की भी हिन्दी रंगमंच के विकास में ऐतिहासिक भूमिका रही है। जिस समय वंगाल में वर्ष 1870 में व्यावसायिक थियेटर की नींव रखी जा रही थी तव कुछ पारसी मुंवई में नाटक और ललित कलाओं में रुचि लेने लगे। इन्हीं पारसियों ने व्यावसायिक हिन्दी नाटक की स्थापना की पहल की। हिन्दी रंगमंच का प्रारंभ वर्ष 1853 में नेपाल के माटगांव में अभिनित 'विद्याविलाप' नाटक से माना जाता है, किंतु यह नेपाल तक ही सीमित रह गया। वस्तुतः हिन्दी रंगमंच का नवोत्थान वर्ष 1871 में स्थापित 'अल्फ्रेड' नामक मण्डली से हुआ, जिसने भारतेन्दु और राधाकृष्ण दास के नाटकों का मंचन प्रस्तुत किया। राधेश्याम कथावाचक इस मण्डली के प्रमुख नाटककार थे। इस मण्डली के मंच पर स्त्री चरित्रों की भूमिका पुरुष पात्र ही किया करते थे, इसी वीच कोलकाता के 'मॉडर्न थियेटर' ने मुंवई की पारसी रंगमंच की 'इम्पीरियल' आदि अनेक नाटक कंपनियों को खरीदकर कोलकाता को रंगमंच का केंद्र वना दिया और हिन्दी रंगमंच का एक व्यापक प्रभाव क्षेत्र वन गया। यह उद्भव हिन्दी रंगमंच के लिये एक उपलब्धि था।

रंगमंच के दो केन्द्रों के एकीकरण से हिन्दी रंगमंच के विकास की राह बनी

रंगमंच के उन दिनों के दो केन्द्रों - मुम्वई और कोलकाता के एकीकरण का हिन्दी रंगमंच के विकास में अभूतपूर्व योगदान माना जाता है। इन संस्थाओं के एकीकरण के कारण नारायण वेताव, आगा हस्न कश्मीरी, तुलसीदत्त शैदा, हरिकृष्ण जौहर आदि अनेक नाटककारों का संगम स्थल कोलकाता का 'मॉडर्न थियेटर' हो गया। मुंवई और कोलकाता के इन रंगमंच केन्द्रों के एकीकरण से हिन्दी रंगमंच के विकास की राह वनी। हिन्दी में अव्यावसायिक रंगमंच का सूत्रपात वर्ष 1868 में वनारस थियेटर के साथ हुआ। वर्ष 1884 में वनारस में 'नेशनल थियेटर' की स्थापना हुई। भारतेंदु के अंधेर नगरी का प्रथम मंचन नेशनल थियेटर में ही किया गया था। वर्ष 1906 में गठित - 'भारतेंदु नाटक मण्डली' की भूमिका हिन्दी रंगमंच के विकास में महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस मण्डली ने लगभग डेढ़ दर्जन नाटकों का मंचन किया जिसमें सत्य हरिश्चंद्र, सुभद्रा हरण, चंद्रगुप्त, स्कंदगुप्त और ध्रुवस्वामिनी प्रमुख हैं। इस नाटक मण्डली ने भारतेंदु काल के नाटकों के साथ-साथ प्रसाद के नाटकों को भी सफलतापूर्वक मंचित कर हिन्दी के अपने स्वतंत्र रंगमंच के विकास का मार्ग प्रशस्त किया। प्रसाद के नाटकों को मंचित कर इस संस्था ने सिद्ध किया कि प्रसाद के नाटक पूर्णतः अभिनेय हैं। आगे चलकर काशी हिंदू विश्वविद्यालय की - 'विक्रम परिषद' की स्थापना वर्ष 1939 में हुई थी। इसने नाटकों में स्त्री पात्र के लिए स्त्रियों द्वारा ही अभिनय की परंपरा डाली। हिन्दी रंगमंच के विकास में वर्ष 1884 में गठित - 'वलिया नाट्य समाज' की भूमिका भी ऐतिहासिक मानी जाती है। वर्ष 1884 में यहीं पर भारतेंदु ने नाटक पर एक लम्वा व्याख्यान दिया था। उसी समय सत्यवादी हरिश्चंद्र तथा नीलदेवी नाटकों का मंचन किया गया था। इन नाटकों में पात्रों द्वारा हिन्दी के संवादों को शुद्ध उच्चारित करने पर सवसे ज्यादा जोर दिया जाता था।

हिन्दी रंगमंच के विकास के महत्वपूर्ण कालखण्ड और प्रवृतियां

भारतेन्दु युग में व्यापक पैमाने पर न सिर्फ नाट्यलेखन हुआ वल्कि उनके मंचन के लिए भी प्रेरणा मिली। स्वयं भारतेन्दु नाट्य लेखन एवं अभिनय के केंद्र में एक संस्था की तरह कार्यशील थे। उनके पूर्व पारसी रंगमंच व्यावसायिक स्तर पर सक्रिय था। भारतेन्दु ने सक्रिय होकर पारसी रंगमंच के समानांतर एक अव्यावसायिक रंगमंच का आरम्भ किया। इस कालखण्ड में हिन्दी रंगमंच के विकास में परम्परा का आधुनिकता के साथ समन्वय करते हुए, संस्कृत नाट्य परंपरा के महत्वपूर्ण तत्वों को लोक नाट्य परंपरा के साथ समन्वित कर हिन्दी रंगमंच को गति दी। भारतेन्दु ने अपने नाटकों में पात्र योजना, भाषा और संवाद योजना में रंग संकेतों के माध्यम से अभिनेता का भी ध्यान रखा। हिन्दी रंगमंच के विकास में पारसी रंगमंच की भूमिका को भी कम करके नहीं आंका जा सकता। पारसी थियेटर शुद्ध व्यवसायिक थियेटर था, इसलिए उसने अपनी मौलिक रंग पद्धतियों का विकास किया। इसमें अंग्रेजी की तुलना में भारतीय लोक रंग, शेरो-शायरी, उर्दू मिश्रित संवाद, भावुकता का आवेग, अतिनाटकीयता, गीत-संगीत की वहुलता, नृत्य, चमत्कारिक, ध्वनि-प्रभाव आदि पर अत्यधिक वल दिया गया। पारसी थियेटर ने रंगमंच को व्यावसायिक स्वरूप दिया, साहित्य व रंगमंच की दूरी कम की और रंगमंच की प्रवृत्ति के अनुकूल भाषा एवं अभिनय शैली विकसित की। इधर सुप्रसिद्ध नाटककार जयशंकर प्रसाद के समक्ष मूल चुनौती हिन्दी में गंभीर ऐतिहासिक सांस्कृतिक नाटकों की अनुपस्थिति की थी। उन्होंने गंभीर नाट्य लेखन पर वल दिया एवं रंगमंच को निर्देशक एवं अभिनेता की प्रतिभा पर छोड़ दिया। आगे चलकर मोहन राकेश ने भारतेंदु एवं प्रसाद की नाट्य दृष्टियों के समन्वय के आधार पर ही हिन्दी के अपने स्वाभाविक सांस्कृतिक रंगमंच के विकास पर वल दिया।

कोरोना काल में हिन्दी रंगमंच को मुकम्मल राह सुझाई थी बंसी कौल ने

देश के शीर्ष, चिंतनशील रंगकर्मियों में शामिल स्वर्गीय वंसी कौल ने कोरोना काल में हिन्दी रंगमंच से जुड़ा एक वुनियादी सवाल उठाया था कि थियेटर का क्या होगा आज सवाल यह नहीं, अपितु सवाल यह होना चाहिए कि थियेटर या कलाएं समाज के लिए जो कुछ कर रही थीं, उसका क्या होगा? वंसी कौल दिल्ली के द्वारका स्थित अपने फ्लैट से ही गंभीर रूप से वीमार होने के वावजूद फेसवुक लाइव के अलग-अलग प्लेटफॉर्मों पर रंगकर्मियों खासकर युवाओं से सीधा संवाद कर रहे थे और इस प्रकार उन्होंने कोरोना काल में हिन्दी रंगमंच के दायित्व को एक दिशा दी। उन्होंने भोपाल की अपनी नाट्य संस्था रंग विदूषक के नए-पुराने रंगकर्मियों से प्रवासी मजदूरों की वेहाली पर कविताएं लिखवाईं जिसकी एक रचना वनाकर संगीतवद्ध किया जाएगा। उन्हें पता है कि ये कोई महान रचनाएं नहीं हैं, लेकिन एक संवेदनशील कलाकार के नाते आपको अपने आसपास की ऐसी त्रासदियों के वारे सोचना पड़ेगा, दिमाग पर जोर डालना पड़ेगा, नहीं तो आप काहे के कलाकार?

कोरोना काल में ऑडिटोरियम के उपयोग की अनुमति न मिलने के सवाल पर भी वंसी कौल ने एक राह सुझाई। उन्होंने कहा कि मुमकिन है मैं सड़कों पर मेकैनिकल प्रॉप्स के साथ एक यात्रा निकालूँ, जिसे मैं प्रोसेशनल थियेटर कहूँ और जिसे लोग खिड़कियों से देखें। किसी कॉलोनी या सोसाइटी में ऐसा प्ले करूं जिसे लोग वालकनी से देखें और अव स्मारकों में, विल्डिंग की छतों पर भी फिर से नाटक के वारे में सोचा जाए। इसी राह पर हिन्दी रंगमंच पहले सोशल मीडिया पर फिर अनलॉक होने पर नुक्कड़ नाटक के रूप में सामने आया।

संस्थाएं, जो हिन्दी रंगमंच की विरासत की संवाहक बनीं

हिन्दी रंगमंच का जिक्र कुछ संस्थाओं के विना शायद अधूरा ही रहेगा उसमें से अग्रगण्य संस्थाएं हैं - इप्टा (इंडियन पीपुल थियेटर एसोसिएशन), पृथ्वी थियेटर्स, रंगमण्डल और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय। देश की आजादी की लड़ाई और विश्वव्यापी फासीवाद विरोधी आंदोलन के दौर में इप्टा का उद्भव हुआ। इप्टा ने प्रगतिशील नाटकों के मंचन पर वल दिया। इसने लोक मंच के तत्वों को आत्मसात करते हुए नुक्कड़ नाटकों के मंचन को भी लोकप्रिय वनाया। हिन्दी, उर्दू एवं अन्य भारतीय भाषाओं के भी सभी प्रगतिशील एवं वामपंथी लेखक, साहित्यकार बुद्धिजीवी इससे जुड़े हैं। वर्ष 1944 में पृथ्वीराज कपूर ने 'पृथ्वी थियेटर्स' की नींव रखी। इसकी स्थापना कर उन्होंने हिन्दी रंगमंच को एक राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया, साथ ही इप्टा के साथ सहयोग करते हुए हिन्दी रंगमंच की सामाजिक भूमिका को भी पहचाना और स्पष्ट किया। सोलह वर्ष तक पृथ्वी थियेटर्स ने पूरे भारत में आठ नाटकों के कई शो किये। पृथ्वी थियेटर आज भी सक्रिय है। कपूर परिवार की संजना कपूर पृथ्वी थियेटर का संचालन आज भी पूरी प्रतिवद्धता एवं व्यावसायिकता के साथ कर रही हैं। भारत में रंगमंच के विकास को देखते हुए संगीत नाटक अकादमी द्वारा अप्रैल 1959 में 'राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय' की स्थापना की गई। इस विद्यालय ने न सिर्फ देश की महत्वपूर्ण रंग प्रतिभाओं, निर्देशकों, अभिनेताओं को जन्म दिया है, वल्कि हिन्दी के नाटकों के मंचन एवं रंगमंच के विकास में 1960 के वाद ऐतिहासिक दायित्व निभाया है। हिन्दी रंगमंच को नुक्कड़ नाटकों और लोकनाट्य ने भी काफी हद तक समृद्ध किया है। सांस्कृतिक औद्योगीकरण एवं कलाओं के तीव्र व्यवसायीकरण के दौर में हिन्दी रंगमंच को संभाले रखने और उसे संगठित रखने में देश की लव्धप्रतिष्ठित रंग संस्थाओं के साथ ही रंगकर्म से जुड़े तमाम नामवर रंगकर्मियों का भी अमूल्य अवदान रहा है।

हिन्दी रंगमंच में जारी रही है नये मुहावरों और शैलियों की तलाश

रंगमंच के नए मुहावरों एवं शैलियों की तलाश किसी भी अच्छे रंगमंच के विकासमान रहने के लिये जरुरी होती है। नाट्य शिल्प के उपकरण और आधुनिकता तो इसके लिये आवश्यक है ही मगर यह भी सही है कि श्रेष्ठ रंगमंच की पहचान व स्थायित्व अपनी मौलिकता, अपने संस्कारों, विरासत एवं जीवन दर्शन से वनती है। आधुनिक हिन्दी रंगमंच भी फिर वह चाहे जिस नामवर निदेशक का हो वस्तुतः वह अभिनेता की शक्ति में ही विश्वास रखता है। वाह्य उपकरणों में नहीं भरत मुनि के नाट्यशास्त्र में भी यही दृष्टि प्रस्तावित है। वर्ष 1980 के आसपास से हिन्दी नाटक एवं रंगमंच सारी जटिलताओं, विसंगतियों के वावजूद अधिक सार्थक प्रासंगिक जीवंत एवं मौलिक और साथ ही भारतीय मुहावरे की तलाश करने लगा।

राजा दुबे

(लेखिक, (लेखक, जनसम्पर्क विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

रा.रा.क्षे दिल्ली सरकार

दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड

एफसी-18, इंस्टिट्यूशनल एरिया, कड़कड़डूमा, दिल्ली-110092

वेबसाइट: http://dsssb.delhi.gov.in

संख्या एफ.4(376)/पीएंडपी/डीएसएसएसबी/2021/एडीवीटी/4821 दिनांक: 04-03-2021

रिक्ति सूचना

विज्ञापन संख्या 01/21

महत्वपूर्ण नोट: केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे. किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदनों को सिरे से खारिज कर दिया जाएगा

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने और आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख निम्नानुसार है:-

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तारीख: 15/03/2021 (15 मार्च, 2021)
ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख: 14/04/2021 (14 अप्रैल, 2021)

रा. रा. क्षे. दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के अंतर्गत निम्नांकित पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं:-

क्र. सं.	पद कोड	पद का नाम	विभाग का नाम	समूह	ग्रेड वेतन	रिक्ति								
						ईडब्ल्यू एस	अना	अपिव	अजा	अजजा	कुल	विकलांग जन	भूपूसै	खेल
1.	1/21	तकनीकी सहायक (लोक स्वास्थ्य)	प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग	ग	2400	01	0	01	0	0	02	0	0	0
2.	2/21	तकनीकी सहायक (प्रिंटिंग)	प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग	ग	2400	0	01	01	0	0	02	0	0	0
3.	3/21	तकनीकी सहायक (सिविल)	प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग	ग	2400	01	05	02	01	01	10	0	0	0
4.	4/21	तकनीकी सहायक (कैमिकल)	प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग	ग	2400	01	01	01	0	0	03	0	0	0
5.	5/21	तकनीकी सहायक (इंटीरियर डिज़ाइन)	प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग	ग	2400	0	02	0	0	0	02	0	0	0
6.	6/21	तकनीकी सहायक (ऑटोमोबाइल)	प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग	ग	2400	01	01	01	0	0	03	0	0	0
7.	7/21	तकनीकी सहायक (प्रोडक्शन)	प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग	ग	2400	0	0	01	0	0	01	0	0	0
8.	8/21	तकनीकी सहायक (मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स)	प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग	ग	2400	0	02	01	0	0	03	0	0	0
9.	9/21	तकनीकी सहायक (मॉडर्न ऑफिस प्रैक्टिस) हिन्दी	प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग	ग	2400	0	0	0	01	01	02	01	0	0
10.	10/21	तकनीकी सहायक (इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल)	प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग	ग	2400	0	0	0	01	01	02	0	0	0
11.	11/21	तकनीकी सहायक (प्लास्टिक्स)	प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग	ग	2400	0	01	01	0	0	02	0	0	0
12	12/21	प्रयोगशाला अटेंडेन्ट	प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग	ग	1900	06	30	17	09	04	66	3	0	0
13	13/21	सहायक कैमिस्ट	दिल्ली जल बोर्ड	ख	4600	05	20	09	04	02	40	02	0	0
14.	14/21	सहायक इंजीनियर (ई एंड एम)	दिल्ली जल बोर्ड	ख	4600	01	08	03	01	01	14	01	0	0
15.	15/21	कनिष्ठ इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल/ मैकेनिकल)	दिल्ली जल बोर्ड	ख	4200	06	27	16	09	04	62	03	0	0
16.	16/21	ड्राफ्ट्समैन ग्रेड-I	दिल्ली जल बोर्ड	ख	4600	01	06	05	03	01	16	01	0	0
17.	17/21	कार्मिक सहायक	दिल्ली जल बोर्ड	ख	4600	08	36	22	12	06	84	04	0	0
18.	18/21	फार्मासिस्ट (आयुर्वेद)	आयुष निदेशालय	ग	2800	03	12	05	03	01	24	02	0	0
19.	19/21	फार्मासिस्ट (यूनानी)	आयुष निदेशालय	ग	2800	01	05	04	03	01	14	01	0	0
20.	20/21	फार्मासिस्ट (होम्योपैथी)	आयुष निदेशालय	ग	2800	02	19	12	04	07	44	04	0	0
21.	21/21	सहायक निदेशक	दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड	ख	4800	0	03	0	0	0	03	01	0	0
22	22/21	सहायक ग्रेड - II	दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड	ग	2400	2	13	7	4	2	28	3	0	0
23	23/21	कनिष्ठ आशुलिपिक (अंग्रेजी)	दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड	ग	2400	1	8	3	1	0	13	2	0	0
24	24/21	कनिष्ठ इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल)	नई दिल्ली नगर पालिका परिषद	ग	4600	8	0	15	0	8	31	02	0	0
25	25/21	वैज्ञानिक सहायक (बायोलॉजी)	फोरेंसिक साइंस प्रयोगशाला	ग	2800	1	1	3	1	0	6	0	0	0
26	26/21	सुरक्षा सुपरवाइजर	दिल्ली कृषि विपणन बोर्ड	ग	1900	0	6	2	1	0	9	0	1	0
27	27/21	सहायक फोरमैन	दिल्ली परिवहन निगम	ग	2800	15	64	43	23	13	158	7	0	0
28	28/21	कारपेन्टर-द्वितीय श्रेणी	दिल्ली जल बोर्ड	ग	2000	0	2	1	0	1	4	1	0	0
29	29/21	सहायक फिल्टर सुपरवाइजर	दिल्ली जल बोर्ड	ग	1900	01	05	03	01	01	11	0	1	0
30	30/21	प्रोग्रामर	दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम	ग	2800	0	04	01	00	00	05	0	0	0
31	31/20	प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (मूक एवं बधिर)	समाज कल्याण विभाग	ख	4600	02	08	05	03	01	19	01	0	0
32	32/20	विशेष शिक्षक (प्राइमरी)	दिल्ली नगर निगम	ख	4200	54	487	328	164	93	1126	45	0	0

योग्यता, आयु सीमा, शुल्क आदि का ब्यौरा वेबसाइट पर उपलब्ध है:- **http://dsssb.delhi.gov.in/current-vacancies/Delhi-subordinate-services-selection-board** उम्मीदवारों को केवल वेबसाइट **http://dsssbonline.nic.in** के जरिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा. ऑनलाइन आवेदन करने की **अंतिम तारीख 14 अप्रैल, 2021 को 11:59 बजे अपराह्न तक है.** इसके बाद वेबसाइट पर लिंक डिसेबल हो जाएगा. किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे और सिरे से खारिज कर दिए जाएंगे. इसके अलावा उपरोक्त पदों के लिए परीक्षा की तारीख की जानकारी उचित समय पर अलग से दी जाएगी.

उप सचिव (पी एंड पी)
डीएसएसएसबी

विज्ञापन संख्या 01/21

संबद्ध विभागों के भर्ती नियमों के अनुसार विज्ञापित पदों के नाम, पद कोड, रिक्तियों की संख्या, शैक्षिक योग्यताएं, अपेक्षित अनुभव, वेतनमान, आयु सीमा आदि का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-)

पद कोड :-	1/21	पद का नाम:	तकनीकी सहायक (जन स्वास्थ्य)
			प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा निदेशालय
रिक्तियों की संख्या :- (कुल-02) (ईडब्ल्यूएस-01 और अपिव-01)			
शैक्षिक योग्यताएं :-		अनिवार्य :-	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष (2) संबद्ध ट्रेड में राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से न्यूनतम दो वर्ष का नियमित डिप्लोमा प्राप्त किया हो **अथवा** संबंधित क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समकक्ष.
			नोट:- इस पद की अनिवार्य योग्यता से संबंधित ट्रेड/क्षेत्र मांग-कर्ता विभाग द्वारा उनकी मांग संख्या एफ16/विविध/2004/टीई/एडी/प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019 के अनुसार परिभाषित किए गए हैं: 1. संबंधित ट्रेड अर्थात् सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण में नियमित अवधि का न्यूनतम 2 साल का डिप्लोमा प्राप्त किया हो. 2. संबंधित क्षेत्र में बैचलर ऑफ साइंस डिग्री या समकक्ष का अर्थ है सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण में स्नातक डिग्री.
		वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग की जानकारी हो.
अनुभव:-		अनिवार्य:	कुछ नहीं
		वांछनीय :	कुछ नहीं
वेतनमान:-		5200-20200 + ग्रेड पे 2400/- ग्रुप: - सी	
आयु सीमा:-		18-27 वर्ष, आयु में छूट तालिका के पैरा 6 के अनुसार दी जाएगी. **विभागीय संविदा कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र संख्या एफ.-19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार विभागीय संविदा कर्मचारियों को ऊपरी आयु सीमा में एकबारगी उपाय के रूप में उनकी सेवा अवधि के समान छूट दी जाएगी जिसकी अधिकतम अवधि 5 वर्ष होगी, परन्तु इसके लिए यह आवश्यक होगा कि उम्मीदवार ने वर्ष विशेष में कम से कम 180 कार्य दिवसों के लिए काम किया हो.	
यह पद मांगकर्ता विभाग की मांग के अनुसार एसिड हमला पीड़ित, बौनापन, पीडब्ल्यूडी (ओएल, पीबी, पी डी एंड बी) उम्मीदवार के लिए उपयुक्त चिन्हित हुआ है.			
संदर्भ संख्या	एफ16/विविध/2004/टीई/एडी/प्रयोगशाला परिचर/1118		दिनांक 12/09/2019
पद कोड:-	2/21	पद का नाम:-	तकनीकी सहायक (मुद्रण)
			प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग
रिक्तियों की संख्या :- (कुल -02) - (अना -01 और अपिव -01)			
शैक्षिक योग्यता:-		अनिवार्य	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष (2) संबद्ध ट्रेड में राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से न्यूनतम दो वर्ष का नियमित डिप्लोमा प्राप्त किया हो. **अथवा** संबंधित क्षेत्र में विज्ञान में स्नातक डिग्री या समकक्ष.
			नोट:- इस पद की अनिवार्य योग्यता से संबंधित ट्रेड/क्षेत्र मांग-कर्ता विभाग द्वारा उनकी मांग संख्या एफ16/विविध/2004/टीई/एडी/प्रयोगशाला परिचर /1118 दिनांक 12/09/2019 के अनुसार परिभाषित किया गया है: 1. संबंधित ट्रेड में न्यूनतम 2 वर्ष के नियमित डिप्लोमा का अर्थ है मुद्रण प्रौद्योगिकी में न्यूनतम 2 वर्ष का नियमित डिप्लोमा. 2. संबंधित क्षेत्र में बैचलर ऑफ साइंस डिग्री या समकक्ष का अर्थ है सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण में स्नातक डिग्री.
		वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग की जानकारी हो.
अनुभव:-		अनिवार्य:	कुछ नहीं
		वांछनीय :	कुछ नहीं
वेतनमान:-		रुपये 5200-20200 + ग्रेड वेतन रुपये 2400/- समूह: - ग	
आयु सीमा:-		18-27 वर्ष, आयु में छूट तालिका के पैरा 6 के अनुसार दी जाएगी. **विभागीय संविदा कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र संख्या एफ.19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार विभागीय संविदा कर्मचारियों को ऊपरी आयु सीमा में एकबारगी उपाय के रूप में उनकी सेवा अवधि के समान छूट दी जाएगी जिसकी अधिकतम अवधि 5 वर्ष होगी, परन्तु इसके लिए यह आवश्यक होगा कि उम्मीदवार ने वर्ष विशेष में कम से कम 180 कार्य दिवसों के लिए काम किया हो.	
यह पद मांगकर्ता विभाग की मांग के अनुसार एसिड हमला पीड़ित, बौनापन, पीडब्ल्यूडी (ओएल, पीडी) उम्मीदवार के लिए उपयुक्त चिन्हित हुआ है.			
संदर्भ संख्या	एफ.16/विविध/2004/टीई/एडी/प्रयोगशाला परिचर/1118		दिनांक 12/09/2019
पद कोड:-	3/21	पद का नाम:-	तकनीकी सहायक (सिविल)
			प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग
रिक्तियों की संख्या :- (कुल -10) - (ईडब्ल्यूएस -01, अना-05, अपिव-02, अजा-01 और अजजा-01)			
शैक्षिक योग्यता:-		अनिवार्य:	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष (2) संबद्ध ट्रेड में राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से न्यूनतम दो वर्ष का नियमित डिप्लोमा प्राप्त किया हो. **अथवा** संबंधित क्षेत्र में विज्ञान में स्नातक डिग्री या समकक्ष.
			नोट:- इस पद की अनिवार्य योग्यता से संबंधित ट्रेड/क्षेत्र मांग-कर्ता विभाग द्वारा उनकी मांग संख्या एफ16/विविध/2004/टीई/एडी/प्रयोगशाला परिचर /1118 दिनांक 12/09/2019 के अनुसार परिभाषित किया गया है: 1. संबंधित ट्रेड में न्यूनतम 2 वर्ष के नियमित डिप्लोमा का अर्थ है सिविल इंजीनियरी में न्यूनतम 2 वर्ष का नियमित डिप्लोमा. 2. संबंधित क्षेत्र में बैचलर ऑफ साइंस डिग्री या समकक्ष का अर्थ है सिविल इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री.
		वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग की जानकारी हो.
अनुभव:-		अनिवार्य:	कुछ नहीं
		वांछनीय :	कुछ नहीं
वेतनमान:-		रुपये 5200-20200 + ग्रेड वेतन रुपये 2400/- समूह : - ग	
आयु सीमा:-		18-27 वर्ष, आयु में छूट तालिका के पैरा 6 के अनुसार दी जाएगी. **विभागीय संविदा कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र संख्या एफ.19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार विभागीय संविदा कर्मचारियों को ऊपरी आयु सीमा में एकबारगी उपाय के रूप में उनकी सेवा अवधि के समान छूट दी जाएगी जिसकी अधिकतम अवधि 5 वर्ष होगी, परन्तु इसके लिए यह आवश्यक होगा कि उम्मीदवार ने वर्ष विशेष में कम से कम 180 कार्य दिवसों के लिए काम किया हो.	
यह पद मांगकर्ता विभाग की मांग के अनुसार एसिड हमला पीड़ित, बौनापन, पीडब्ल्यूडी (पीडी, ओएल) उम्मीदवार के लिए उपयुक्त चिन्हित हुआ है.			
संदर्भ संख्या	एफ16/विविध/2004/टीई/एडी/प्रयोगशाला परिचर/1118		दिनांक 12/09/2019
पद कोड:-	4/21	पद का नाम:-	तकनीकी सहायक (रासायनिक)
			प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग
रिक्तियों की संख्या :- (कुल-03) - (ईडब्ल्यूएस -01, अना-01 और अपिव-01)			
शैक्षिक योग्यता:-		अनिवार्य:	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष (2) संबद्ध ट्रेड में राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से न्यूनतम दो वर्ष का नियमित डिप्लोमा प्राप्त किया हो. **अथवा** संबंधित क्षेत्र में विज्ञान की स्नातक डिग्री या समकक्ष.
		वांछनीय :	नोट:- इस पद की अनिवार्य योग्यता से संबंधित ट्रेड/क्षेत्र मांग-कर्ता विभाग द्वारा उनकी मांग संख्या एफ16/विविध/2004/टीई/एडी/प्रयोगशाला परिचर /1118 दिनांक 12/09/2019 के अनुसार परिभाषित किया गया है: 1. संबंधित ट्रेड में न्यूनतम 2 वर्ष के नियमित डिप्लोमा का अर्थ है रासायनिक इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी में न्यूनतम 2 वर्ष का नियमित डिप्लोमा. 2. संबंधित क्षेत्र में बैचलर ऑफ साइंस डिग्री या समकक्ष का अर्थ है रासायनिक इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री.
		वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग की जानकारी हो.
अनुभव:-		अनिवार्य:	कुछ नहीं
		वांछनीय :	कुछ नहीं
वेतनमान:-		रुपये 5200-20200 + ग्रेड वेतन रुपये 2400/- समूह : - ग	
आयु सीमा:-		18-27 वर्ष, आयु में छूट तालिका के पैरा 6 के अनुसार दी जाएगी. **विभागीय संविदा कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र संख्या एफ.19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार विभागीय संविदा कर्मचारियों को ऊपरी आयु सीमा में एकबारगी उपाय के रूप में उनकी सेवा अवधि के समान छूट दी जाएगी जिसकी अधिकतम अवधि 5 वर्ष होगी, परन्तु इसके लिए यह आवश्यक होगा कि उम्मीदवार ने वर्ष विशेष में कम से कम 180 कार्य दिवसों के लिए काम किया हो.	
यह पद मांगकर्ता विभाग की मांग के अनुसार एसिड हमला पीड़ित, बौनापन, पीडब्ल्यूडी (पीडी, ओएल, बीएल और ओए) उम्मीदवार के लिए उपयुक्त चिन्हित हुआ है.			
संदर्भ संख्या	एफ16/विविध/2004/टीई/एडी/प्रयोगशाला परिचर/1118		दिनांक 12/09/2021
पद कोड:-	5/21	पद का नाम:-	तकनीकी सहायक (आंतरिक डिज़ाइन)
			प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग
रिक्तियों की संख्या :- (कुल -02) - (अना-02)			
शैक्षिक योग्यता:-		अनिवार्य:	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष (2) संबद्ध ट्रेड में राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से न्यूनतम दो वर्ष का नियमित डिप्लोमा प्राप्त किया हो. **अथवा** संबंधित क्षेत्र में विज्ञान की स्नातक डिग्री या समकक्ष.
		वांछनीय :	नोट:- इस पद की अनिवार्य योग्यता से संबंधित ट्रेड/क्षेत्र मांग-कर्ता विभाग द्वारा उनकी मांग संख्या एफ16/विविध/2004/टीई/एडी/प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019 के अनुसार परिभाषित किया गया है: 1. संबंधित ट्रेड में न्यूनतम 2 वर्ष के नियमित डिप्लोमा का अर्थ है आंतरिक डिज़ाइन में न्यूनतम 2 वर्ष का नियमित डिप्लोमा. 2. संबंधित क्षेत्र में बैचलर ऑफ साइंस डिग्री या समकक्ष का अर्थ है आंतरिक डिज़ाइन/डिज़ाइन में स्नातक डिग्री.
		वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग की जानकारी हो.
अनुभव:-		अनिवार्य:	कुछ नहीं
		वांछनीय :	कुछ नहीं

वेतनमान:-	रुपये 5200-20200 + ग्रेड वेतन रुपये 2400/- समूह : - ग		
(v) यदि निःशक्त व्यक्ति विभागीय कर्मचारी होने के नाते आयु में छूट का हकदार है, उसे दी जाने वाली रियायत या तो निःशक्त व्यक्ति के तौर पर अथवा विभागीय कर्मचारी के तौर पर, जो कि उसके लिये फायदेमंद हो, देय होगी.

7. **उम्मीदवारों के लिये सामान्य अनुदेश**

(i) विज्ञापित रिक्तियां अनंतिम हैं और इनमें परिवर्तन (बढ़ या घट) हो सकता है. यदि रिक्तियों की संख्या को किसी भी संख्या तक घटाया जाता है या यहां तक कि उपयोगकर्ता विभाग द्वारा शून्य घोषित कर दिया जाता है, बोर्ड पर आवेदक को किसी प्रकार की परिणामी हानि/नुकसान की प्रतिपूर्ति करने की जिम्मेदारी नहीं होगी. इसके अलावा शावि/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के संबंध में रिक्तियां परिवर्तित (घट या बढ़) सकती है जो कि आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 के प्रावधानों के विषयाधीन है.

(ii) डीएसएसएसबी के पास किसी भी चरण में विज्ञापन या इसके अंश को निरस्त या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है. रिक्तियों की संख्या अनंतिम और परिवर्तन के विषयाधीन हैं.

(iii) बोर्ड के पास परीक्षा प्रक्रिया के एक भाग या संपूर्ण प्रक्रिया को प्रशासनिक कारणों से और अनुचित तरीके, धोखेबाजी या अन्य अनियमितताएं/गलत व्यवहार बोर्ड की सूचना में आने पर रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. बोर्ड के पास, यदि अपेक्षित हुआ, किसी परीक्षा केंद्र को रद्द करने या नया परीक्षा केंद्र स्थापित करने और उम्मीदवारों को भिन्न परीक्षा केंद्र पर भेजने का भी अधिकार सुरक्षित है.

(iv) बोर्ड के पास किसी भी परीक्षा केंद्र को रद्द करने और उस केंद्र के उम्मीदवारों को किसी अन्य केंद्र पर उपस्थित होने के लिए कहने का अधिकार सुरक्षित है. बोर्ड के पास किसी भी केंद्र के उम्मीदवारों को किसी अन्य केंद्र पर परीक्षा हेतु भेजने का भी अधिकार सुरक्षित है. किसी भी स्थिति में परीक्षा की तिथि, समय और केंद्र में परिवर्तन करने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

(v) बोर्ड के पास परिशिष्ट-I में दी गई परीक्षा योजना में परीक्षा से पहले किसी भी समय, यदि अपेक्षित हुआ, परिवर्तन करने या संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है.

(vi) परीक्षा के लिये उम्मीदवार की उम्मीदवारी पूरी तरह अनंतिम और किसी भी कानूनी अदालत के निर्देश/निर्णय/आदेश/घोषणा के परिणाम के विषयाधीन है और प्रवेश-पत्र जारी करने या परीक्षा में उपस्थित होने मात्र से उसे पद के लिये कोई दावा करने का अधिकार नहीं हो जाता है.

(vii) **प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षरों का विवरण नीचे दिया गया है :**
ईडब्ल्यूएस- आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग, **अना-** अनारक्षित (सामान्य), **अजा-** अनुसूचित जाति, **अजजा-** अनुसूचित जनजाति, **अपिव-** अन्य पिछड़ा वर्ग, **शावि-** शारीरिक विकलांग, **ओएच-** अस्थि विकलांग, **वीएच-** दृष्टि विकलांग.

(viii) पद के तहत शैक्षणिक अर्हता, आयु, अनुभव और अन्य पात्रता शर्तों की गणना ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुति की बंद होने की तिथि को की जायेगी.

(ix) कैलकुलेटर, लैपटॉप, पलमटोप, अन्य डिजिटल उपकरण/मोबाइल/सैल फोन, पेजर/इलेक्ट्रॉनिक घड़ियों आदि की अनुमति नहीं है. यदि किसी भी उम्मीदवार के पास कोई उपकरण/वस्तु पाई जाती है/पकड़ी जाती है, उसे परीक्षा से प्रतिबंधित कर दिया जायेगा और उम्मीदवारों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी.

(x) उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि डीएसएसएसबी परीक्षा के लिए उपस्थित होते समय निम्नलिखित ड्रैस कोड का पालन करें:

(क) हाफ स्लीव्स के साथ हल्के वस्त्र जिसमें बड़े बटन, ब्रोच/बैज, फूल आदि न हों, साथ में सलवार/ट्राउजर.

(ख) कम हील्स वाले स्पीपर्स, सैंडल्स- शूज की अनुमति नहीं होगी.

(xi) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में उपयुक्त कोई भी वस्तु लेकर न आयें. केंद्र में इन वस्तुओं की सुरक्षा या इन्हें रखने के लिये कोई व्यवस्था नहीं होगी.

(xii) विज्ञापन/सूचना के अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू और पंजाबी रूपांतर में कोई त्रुटि होने पर अंग्रेजी रूपांतर को अंतिम माना जायेगा.

(xiii) यदि ओएमआर शीट भरने में कोई अशुद्धता या कोई त्रुटि है, उनकी ओएमआर शीट का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा.

8. **कदाचार का दोषी पाये गये उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई :**

उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि उन्हें ऐसा कोई विवरण प्रेषित नहीं करना चाहिये जो कि झूठा हो अथवा आवेदन प्रपत्र भरते समय कोई तथ्यात्मक जानकारी नहीं छिपानी चाहिये. उम्मीदवारों को यह भी चेतावनी दी जाती है कि उन्हें किसी दस्तावेज में अथवा प्रस्तुत स्वयं सत्यापित प्रमाणित प्रति में किसी भी प्रविष्टि को बदलने या अन्य प्रकार से छेड़छाड़ करने का प्रयास नहीं करना चाहिये और न ही कांटछांट किया गया/बनावटी दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहिये.

निम्नलिखित किसी भी कृत्य में शामिल पाये जाने वाले उम्मीदवारों पर आपराधिक कार्रवाई/दि.अ.से.च.बो. की परीक्षा से प्रतिबंध, जहां कहीं आवश्यक है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, भर्ती के किसी भी चरण में उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जायेगा :-

(i) परीक्षा केंद्रों के परिसरों के भीतर मोबाइल फोन और उपकरण तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण रखना, भले ही उपयोग में है अथवा स्विच ऑफ मोड में तथा व्यक्तिशः अथवा अन्य प्रकार से है.

(ii) कदाचार में संलिप्तता :

(iii) परीक्षा हाल में अनुचित तरीकों का इस्तेमाल करना.

(iv) किसी भी तरीके से अपनी उम्मीदवारी के लिये समर्थन प्राप्त करना.

(v) छद्मरूपण/किसी व्यक्ति से छद्मरूपण प्राप्त करना.

(vi) बनावटी दस्तावेज अथवा कांटछांट किये हुए दस्तावेज प्रस्तुत करना.

(vii) झूठी या गलत विवरण देना अथवा तथ्यात्मक सूचना छिपाना.

(viii) परीक्षा के लिये अपनी उम्मीदवारी के संबंध में कोई अनियमित या अनुचित तरीकों का सहारा लेना.

(ix) परीक्षा हॉल में पर्यवेक्षक, परीक्षक अथवा बोर्ड के प्रतिनिधियों के साथ किसी भी तरह से दुर्व्यवहार करना.

(x) परीक्षा हॉल से अपने साथ उत्तरपर्णी ले जाना, अथवा इसे परीक्षा के दौरान किसी अनधिकृत व्यक्ति को सौंपना.

(xi) परीक्षा के आयोजन के लिये बोर्ड द्वारा तैनात स्टाफ को डराना अथवा कोई शारीरिक हानि पहुंचाना.

(xii) नोटिस में वर्णित पात्रता शर्तें पूरी नहीं करते हुए परीक्षा के लिये अपात्र होना.

(xiii) उम्मीदवारी किसी अन्य कारण से भी जिसे बोर्ड उम्मीदवारी के निरस्तीकरण के लिये पर्याप्त कारण मानता है, भर्ती के किसी भी चरण में निरस्त की जा सकती है.

9. यदि कोई उम्मीदवार अपमानजनक/गाली-गलौच/अभद्र भाषा/अश्लील चित्र का उपयोग करता है तो वह आईटी अधिनियम के संगत प्रावधान के अधीन आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई के लिये उत्तरदायी होगा.

परिशिष्ट-I

टियर	पद कोड	परीक्षा कोड	समय	कुल प्रश्न (एमसीक्यू)	कुल अंक (एमसीक्यू)	कुल अंक (वर्णनात्मक)	कुल जोड़	पाठ्यक्रम
एक टियर (तकनीकी)	17/21, 22/21, 23/21, 26/21, 29/21, 30/21	I-T-G	2 घण्टा	200	200	ला.न.	200	प्रत्येक एक अंक का एमसीक्यू : 1. सामान्य जागरूकता, 2. सामान्य बुद्धिमत्ता और तार्किक योग्यता. 3. अंकगणित एवं संख्यात्मक योग्यता 4. हिंदी भाषा तथा कॉम्प्रिहेन्शन की परीक्षा, 5. अंग्रेजी भाषा और कॉम्प्रिहेन्शन की परीक्षा : (40 अंक प्रत्येक) : 200 अंक.
एक टियर (तकनीकी)	1/21 to 13/21, 16/21, 18/21, 19/21, 20/21, 25/21 27/21, 28/21	I-T-T	2 घण्टा	200	200	ला.न.	200	**खण्ड-क :-** 1. सामान्य जागरूकता, 2. सामान्य बुद्धिमत्ता और तार्किक योग्यता. 3. अंकगणित एवं संख्यात्मक योग्यता 4. हिंदी भाषा तथा कॉम्प्रिहेन्शन की परीक्षा, 5. अंग्रेजी भाषा और कॉम्प्रिहेन्शन की परीक्षा : (20 अंक प्रत्येक) **खण्ड - ख :-** पद के लिए निर्धारित अर्हता के अनुरूप संबंधित विषय पर वस्तुनिष्ठ प्रकार बहु विकल्प प्रश्न (100 अंक)
एक टियर (तकनीकी) शिक्षण पद	31/21, 32/21	I-T-T	2 घण्टा	200	200	ला.न.	200	**खण्ड-क :-** एमसीक्यू (बहु विकल्प प्रश्न) 1. सामान्य जागरूकता, 2. सामान्य बुद्धिमत्ता और तार्किक योग्यता. 3. अंकगणित एवं संख्यात्मक योग्यता. 4. हिंदी भाषा तथा कॉम्प्रिहेन्शन की परीक्षा, 5. अंग्रेजी भाषा और कॉम्प्रिहेन्शन की परीक्षा : (20 अंक प्रत्येक) **खण्ड - ख:-** पद के लिए निर्धारित अर्हता के अनुरूप शिक्षण पद्धति/बी.एड. पर प्रश्नों सहित संबंधित विषय से प्रत्येक एक अंक के एमसीक्यूज (बहु विकल्प प्रश्न) (100 अंक) **नोट:-** अंतिम मैरिट सूची खण्ड क और ख दोनों के कुल अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी.
दो टियर (तकनीकी)	15/21, 24/21	II-T-T-I	टियर -I 2 घण्टा	200	200	ला.न.	200	**क.** 1. सामान्य जागरूकता, 2. सामान्य बुद्धिमत्ता और तार्किक योग्यता, 3. अंकगणित एवं संख्यात्मक योग्यता, 4. हिंदी भाषा तथा कॉम्प्रिहेन्शन की परीक्षा, 5. अंग्रेजी भाषा और कॉम्प्रिहेन्शन की परीक्षा : (20 अंक प्रत्येक): 100 अंक **ख.** विषय/अर्हता संबंधी पेपर :100 अंक
			टियर -II 2 घण्टा (एक सत्र)	200	200	ला.न.	200	**क.** विषय/अर्हता संबंधी पेपर 150 अंक (150 प्रश्न) (75 प्रतिशत अधिमान) **ख.** अंग्रेजी भाषा और कॉम्प्रिहेन्शन 50 अंक (50 प्रश्न) (25 प्रतिशत अधिमान)
दो टियर (तकनीकी)	14/21	II-T-T-II	टियर -I 2 घण्टा	200	200	ला.न.	200	**क.** 1. सामान्य जागरूकता, 2. सामान्य बुद्धिमत्ता और तार्किक योग्यता, 3. अंकगणित एवं संख्यात्मक योग्यता, 4. हिंदी भाषा तथा कॉम्प्रिहेन्शन की परीक्षा, 5. अंग्रेजी भाषा और कॉम्प्रिहेन्शन की परीक्षा : (20 अंक प्रत्येक) : 100 अंक **ख.** विषय/अर्हता संबंधी पेपर : 100 अंक
			टियर -II (एक सत्र) 3 घण्टा	200	200	50	250	**क. भाग-I वस्तुनिष्ठ** 200 अंक विषय/अर्हता संबंधी पेपर (80 प्रतिशत अधिमान) **ख. भाग -II : (वर्णनात्मक)** (50 अंक) निबंध (अंग्रेजी में) 30 अंक पत्र लेखन / 20 अंक विचारों का विस्तार (अंग्रेजी में) (20 प्रतिशत अधिमान)
दो टियर (तकनीकी)	21/21	II-T-T	टियर -I 2 घण्टा	200	200	ला.न.	200	**क.** 1. सामान्य जागरूकता, 2. सामान्य बुद्धिमत्ता और तार्किक योग्यता, 3. अंकगणित एवं संख्यात्मक योग्यता, 4. हिंदी भाषा तथा कॉम्प्रिहेन्शन की परीक्षा, 5. अंग्रेजी भाषा और कॉम्प्रिहेन्शन की परीक्षा : (20 अंक प्रत्येक) : 100 अंक **ख.** विषय/अर्हता संबंधी पेपर : 100 अंक
			टियर -II 3 घण्टा (एक सत्र)	200	200	50	250	**भाग-I** (एमसीक्यू) विषय संबंधी पेपर/अर्हता:- 200 अंक विषय/अर्हता संबंधी पेपर (80 प्रतिशत अधिमान) **ख.** भाग-II (वर्णनात्मक) (50 अंक) निबंध (अंग्रेजी में) 30 अंक पत्र लेखन/ 20 अंक विचारों का विस्तार (अंग्रेजी में) (20 प्रतिशत अधिमान)

टिप्पणी :

(i) दो टियर परीक्षाओं में, टियर I परीक्षा केवल अल्पसूचीकरण हेतु प्रयोग में लाई जाएगी. चयन टियर-II परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा.

(ii) बोर्ड अपने विवेकानुसार टियर-I परीक्षा को समाप्त कर सकता है और सीधे टियर-II परीक्षा का आयोजन कर सकता है, यदि उन पद कोडों के लिए जिनकी परीक्षा योजनाएं दो टियर की हैं, के लिए पात्र उम्मीदवारों/आवेदकों की संख्या कम है (अर्थात् बहुत अधिक नहीं है).

(iii) नकारात्मक अंक लागू होंगे और प्रत्येक गलत एमसीक्यू उत्तर के लिए 0.25 अंकों की कटौती की जाएगी.

(iv) एक टियर/दो टियर लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रकार) के लिए न्यूनतम अर्हक अंक निम्नानुसार हैं (कृपया बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध नोटिस नं. (130)/पीएंडपी/13/डीएसएसएसबी/20-33 दिनांक 26/04/2013 का संदर्भ लें) :-

सामान्य	**: 40 प्रतिशत**
अपिव (दिल्ली)	**: 35 प्रतिशत**
अजा/अजजा/शावि (पीडब्ल्यूडी)	**: 30 प्रतिशत**

भूतपूर्व सैनिकों को उनकी संबंधित श्रेणियों में न्यूनतम 30 प्रतिशत के विषयाधीन 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी.

(v) बोर्ड के पास उम्मीदवारों की उपलब्धता के अनुरूप किसी भी पद के लिए न्यूनतम कट ऑफ अंक निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित है.

(vi) कौशल परीक्षा/सहनशीलता परीक्षा पद की अपेक्षा के अनुरूप ली जाएगी.

डिस्कलेमर :-रिक्ति सूचना इंडेंट भेजने वाले विभागों से प्राप्त मांग पत्र पर आधारित है. अनिवार्य अर्हताएं पदों के भर्ती नियमों में यथा निर्धारित दी गई हैं. टंकण की कोई त्रुटि होने के मामले में भर्ती पूर्णतः केवल भर्ती नियमों के अनुरूप होगी.

सभी के सहयोग से कोरोना हारेगा मध्यप्रदेश जीतेगा

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेशवासियों को अपने संदेश में कहा है कि एक बार कोविड-19 का संक्रमण फिर तेजी से पूरे प्रदेश में बढ़ रहा है। हमारे कुछ शहर तो ऐसे हैं जहां संक्रमण की ये संख्या अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। घबराने की जरूरत नहीं है, इससे निपटने की हम हरसंभव व्यवस्था करेंगे। निःशुल्क टेस्टिंग, अस्पतालों में बिस्तरों की व्यवस्था, सामान्य बेड, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन बेड, आईसीयू बेड, वेंटिलेटर, दवाइयां और इलाज की पूरी पुख्ता व्यवस्थायें की गई हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि संक्रमण से निपटने में आपका हर संभव सहयोग मिलेगा। कोरोना हारेगा मध्यप्रदेश जीतेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों को दिक्कत न हो, इसलिये सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ हमने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आने वाले निजी अस्पतालों में भी गरीबों के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की है। अनुबंधित निजी अस्पतालों में भी गरीबों के निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की जायेगी, जो भाई-बहन निजी अस्पतालों में इलाज करवा रहे हैं, उनके लिये भी फीस की सीमाएं हमने तय की हैं। स्थानीय प्रशासन को ये निर्देश हैं कि उससे ज्यादा इलाज का शुल्क वसूला न जाए।

वैक्सीनेशन प्रभावी उपाय

उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन इस संकट से निपटने का प्रभावी उपाय है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हम टीकाकरण का काम भी पूरी गति से कर रहे हैं। अब तक 31 लाख लोगों को टीका लगाया जा चुका है। अभी 60 साल से ऊपर के सभी बुजुर्ग भाई-बहनों को और 45 वर्ष से ज्यादा उम्र के ऐसे भाई-बहन जो कई बीमारियों से ग्रसित थे, उन्हें टीका लगाया जा रहा था। आगामी एक अप्रैल से 45 साल की उम्र से ज्यादा सभी भाई-बहनों, जो किसी बीमारी से ग्रसित नहीं हैं, उन्हें भी टीका लगाया जा रहा है। संक्रमण से अपने आप को बचाने के लिये टीका जरूर लगवायें।

तीन सावधानियां आवश्यक

श्री चौहान ने कहा कि संक्रमण को बढ़ने से अगर रोकना है तो तीन सावधानियां आवश्यक हैं। पहली मास्क लगाना, मास्क लगाने से वायरस मुंह के जरिये हमारे शरीर में नहीं जायेगा। दूसरी, सोशल डिस्टेंसिंग और तीसरी, बार-बार अपने हाथ साफ करना, साबुन या सैनिटाइजर से। इससे वायरस को हम वहीं मार देंगे और संक्रमण फैल नहीं पायेगा।

दूरदर्शन और रेडियो पर शैक्षणिक कार्यक्रम एक अप्रैल से

भोपाल, स्कूल शिक्षा विभाग कक्षा पहली से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए एक अप्रैल से पूर्वानुसार ही दूरदर्शन और रेडियो पर शैक्षणिक कार्यक्रम का प्रसारण करेगा। यह शैक्षणिक गतिविधियां रेडियो पर प्रातः 10 से 11 और सायं 5 से 5:30 बजे तक एवं दूरदर्शन पर दोपहर 12 से 01:30 बजे तक संचालित की जाएंगी।

दूरदर्शन पर कक्षा छठवीं से आठवीं के लिए विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान में विषय आधारित शिक्षण कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इसी प्रकार रेडियो पर कक्षा पहली से आठवीं के लिए पाठ्यपुस्तक आधारित हिंदी, गणित, अंग्रेजी विषयों में और सांयकालीन प्रसारण में खेल, योग, कला, म्यूजिक, यातायात नियम जैसे विषयों पर कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे। सभी जिलों के कलेक्टर्स को उक्त संबंध में शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ करने के लिए समुचित निर्देश जारी करने हेतु कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि DigiLEP (डिजिटल लर्निंग एन्हांसमेंट प्रोग्राम) के अंतर्गत कक्षा पहली, दूसरी के पाठ्यपुस्तक आधारित वीडियो तथा कक्षा तीसरी से आठवीं के लिए दक्षता उन्नयन गतिविधि आधारित वीडियो प्रतिदिन वॉट्सएप ग्रुप के माध्यम से शिक्षकों, पालकों और विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाएंगे। शिक्षकों के द्वारा इन वीडियो पर क्विज, प्रश्न आदि से सीखे गए विषयों के आधार पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया जाएगा।

कोविड 19 वायरस की वर्तमान परिस्थितियों और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर नवीन शैक्षणिक सत्र 2021-22 में कक्षाओं का ऑनलाइन संचालन किया जाएगा।

सत्र 2020-21 में कोविड-19 के कारण कक्षा पहली से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए नियमित कक्षाओं का संचालन नहीं हो सका है। इस कारण संपूर्ण सत्र में शैक्षणिक गतिविधियों को रेडियो स्कूल, डिजिलैप और दूरदर्शन के माध्यम से आयोजित करके शिक्षण प्रक्रिया जारी रखी गई है। संपूर्ण सत्र को 'हमारा घर-हमारा विद्यालय' की अवधारणा पर पलकों एवं शिक्षकों के सहयोग से शिक्षण प्रक्रिया सुचारु रखने के प्रयास किए गए हैं।

कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए जन-जागरूकता अभियान आवश्यक

सभी जिलों में कोरोना उपचार के लिए बिस्तरों की संख्या बढ़ाई जाए

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा है कि प्रदेश में कोरोना का संक्रमण रोकने के लिए सभी धर्मगुरुओं, सामाजिक संगठनों, समुदायों, राजनीतिक दलों, जन अभियान परिषद, एनसीसी, एनएसएस आदि के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। सभी जिलों में कोरोना के उपचार के लिए बिस्तरों की संख्या यथासंभव बढ़ाई जाए तथा उपचार की उत्कृष्ट व्यवस्थाएँ हों।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना रोकथाम के संबंध में पूर्व में जारी निर्देश यथावत रहेंगे। जिन जिलों में रविवार को लॉकडाउन किया जा रहा था, वहाँ रविवार को ही लॉकडाउन रहेगा। लॉकडाउन का समय जिलों की परिस्थिति अनुसार शनिवार को रात्रि 9 या 10 बजे से सोमवार को प्रातः 6 बजे तक रहेगा। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, बैतूल, छिन्दवाड़ा, खरगोन एवं रतलाम शहरों में 15 अप्रैल तक समस्त स्कूल एवं कॉलेजों में शिक्षण बंद रहेगा। महाराष्ट्र से आने वाली तथा महाराष्ट्र जाने वाली बसों का आवागमन 15 अप्रैल तक प्रतिबंधित रहेगा।

कोरोना संक्रमण में मध्यप्रदेश आठवें स्थान पर

कोरोना संक्रमण के मामले में तुलनात्मक रूप से देश में मध्यप्रदेश आठवें स्थान पर है। मध्यप्रदेश में कोरोना के सक्रिय प्रकरण 17 हज़ार 96 हैं और कोरोना संक्रमण की गत 7 दिनों की औसत पॉजिटिविटी रेट 8.9 प्रतिशत है।

भोपाल जिला प्रशासन की पहल

भोपाल में कोरोना के इलाज के लिए अस्पतालों में बेड क्षमता 4 से 6 हजार है। भोपाल में अनेक धर्मगुरु सार्वजनिक तौर पर वैक्सीन लगवा चुके हैं, जिससे अन्य लोगों को प्रेरणा मिली है। भोपाल में जहाँ दस हजार चालान हुए हैं, वहीं बिना मास्क के घूमने वालों की रोका-टोकी का कार्य भी हो रहा है।

महत्वपूर्ण निर्देश

- नियंत्रित संख्या में साप्ताहिक हाट बाजार लग सकेंगे।
- क्लब, पिकनिक स्पॉट आदि, जहाँ संक्रमण फैलने की आशंका रहती है, बंद रहेंगे।
- दुकानों के सामने गोले अनिवार्य। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने पर दुकानें सील भी की जा सकेंगी।
- मास्क नहीं लगाने पर जुर्माना होगा।
- सरकारी दफ्तरों में भी मास्क लगाकर नहीं आने पर अधिकारी/कर्मचारियों पर जुर्माना।
- महाराष्ट्र की सीमाएं सील रहेंगी तथा महाराष्ट्र के लिए बसों का संचालन बंद रहेगा।
- कहीं भी कोई मेला आयोजित नहीं होगा।

इंदौर, भोपाल, जबलपुर, खरगोन पर विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिये कि इंदौर, भोपाल, जबलपुर, खरगोन पर विशेष ध्यान दिया जाये। इन स्थानों पर कुछ माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाकर नियंत्रण करें। भोपाल में 498, इंदौर में 643, जबलपुर में 161 तथा खरगोन में कोरोना के 89 नए प्रकरण आए हैं।

रतलाम का नवाचार

रतलाम में रेलवे प्रशासन द्वारा नया प्रयोग कर यात्रियों के मोबाइल नंबर लेकर समझाईश देने का कार्य किया जा रहा है। बाहर से आए रेल यात्रियों को फोन कर, आइसोलेट रहने के लिए कहा जा रहा है। रतलाम मंडी में दस हजार मास्क बाँटे गए हैं।

जन-जागरूकता का अच्छा असर

सागर में 39 प्रकरण औसतन आ रहे हैं। जिला मुख्यालय के ही अस्सी प्रतिशत केस हैं। जन-प्रतिनिधियों का अच्छा सहयोग मिला है। उनके साथ निरंतर प्रशासन की बैठकें हो रही हैं। जिले में जन-जागरूकता अभियान का अच्छा असर दिख रहा है।

वैक्सीनेशन शिविर

रीवा जिले में पर्याप्त बेड व्यवस्था है। होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों की मॉनीटरिंग फोन से की जा रही है। जिले में वैक्सीनेशन कार्य भी गति से हो रहा है। आगामी तीन अप्रैल को वैक्सीनेशन शिविर भी लगा रहे हैं।

जुर्माने का असर

खंडवा में 24 प्रतिशत पॉजिटिव रोगी ही अस्पताल में हैं। खंडवा में मास्क न लगाने पर अब तक 69 लाख रुपये का जुर्माना किया गया है।

ऐसे कोर्स शुरू करें जिससे बाहर न जायें विद्यार्थी - उच्च शिक्षा मंत्री

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा करते हुये।

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने उच्च शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि प्रदेश में ऐसे नये पाठ्यक्रमों की शुरुआत की जाये जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन के लिये बाहर नहीं जाना पड़े। उन्होंने ग्वालियर, उज्जैन, रीवा, इंदौर और जबलपुर में एक-एक उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान स्थापित करने के निर्देश दिए।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नये पाठ्यक्रम संचालित करने के लिये महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों को प्रेरित किया जाये। कृषि उद्यानिकी एवं पशु चिकित्सा से जुड़े पाठ्यक्रमों की महाविद्यालयों में शुरुआत की जाये। महाविद्यालयों में मार्केट फ्रेंडली सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिये अनुमति शीघ्र प्रदान की जाये।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि कोविड-19 की वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर आगामी परीक्षाओं के संबंध में बैठक कर कार्य-योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को रोज़गार से जोड़ने के लिये महाविद्यालयों की प्लेसमेंट सेल के प्रभारियों की कार्यशाला का आयोजन कर लिया जाये। उन्होंने विभागीय गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के लिये महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के फेसबुक, ट्विटर एवं वॉट्सएप एकाउंट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों के कल्याण की योजनाओं का लाभ समय पर देने एवं न्यायालीन निर्णयों का पालन समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

किसान चिंतित न हों नुकसान की भरपाई सरकार करेगी

भोपाल, राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि आग या प्राकृतिक आपदा से फसलों को नुकसान होने पर किसान बिल्कुल भी चिंता न करें। क्षतिग्रस्त फसल के एक-एक दाने की भरपाई सरकार करेगी। प्रदेश सरकार किसानों कि हर मुसीबत में उनके साथ है। उन्होंने इस मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए प्रदेश के समस्त कलेक्टरों को पत्र जारी करने के निर्देश प्रमुख सचिव राजस्व श्री मनीष रस्तोगी को दिए हैं। मंत्री श्री राजपूत रायसेन के बाड़ी-बरेली एवं जैसीनगर सागर के ग्रामों में विगत दिनों खड़ी फसलों में आग लग जाने से पीड़ित किसानों से मिले और उन्हें धीरज बँधाया।

राजस्व मंत्री ने कहा कि अनेक मामलों में शॉर्ट-सर्किट या अन्य कारणों से दुर्घटनावश फसलें आग लग जाने के कारण नष्ट हो जाती हैं। फसल कटाई के समय ऐन वक्त पर हुए नुकसान से किसानों की रात-दिन की मेहनत और भविष्य की उम्मीदें समाप्त हो जाती हैं। फसलों में आगजनी की घटनाओं के बाद किसानों को लंबी कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था तब कहीं मुआवजे की राशि उन्हें मिल पाती थी।

उन्होंने कहा कि अब किसानों को चिन्ता करने की जरूरत नहीं है, ऐसी अचानक आई प्राकृतिक आपदा अथवा अन्य किसी प्रकार की दुर्घटना से फसल नष्ट हो जाने पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार नुकसान का आंकलन कर तुरंत भरपाई करेगी। राजस्व मंत्री के रूप में मैं यह कह सकता हूँ कि क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया को अब बहुत सरल और सहज कर दिया गया है।

श्री राजपूत ने बताया कि अब किसानों को आगजनी की घटनाओं पर भटकना नहीं पड़ेगा। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके का मुआयना करके प्रकरण बनाएंगे, जिस पर तुरंत मुआवजे का भुगतान किया जायेगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

जनधन का होना चाहिए सही उपयोग - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंत्रालय में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के परियोजना कार्यों की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की सिंचाई परियोजनाएं बड़ी लागत की होती हैं, इनका उपयोग पूरा-पूरा होना चाहिए। साथ ही परियोजनाओं को स्वीकृत करने से पहले इस बात का पूरा ध्यान रखा जाए कि उनका निर्माण समय-सीमा में हो और जनता के लिए पूर्ण रूप से उपयोगी हों। योजनाएँ बनाते समय सारे तथ्यों को अच्छी तरह जाँच परख लें, जल्दबाजी न करें। परियोजनाएं परफेक्ट होनी चाहिए।

श्री चौहान ने कहा कि निर्माण के समय गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए, जनधन का सही उपयोग होना चाहिए। कार्यों में यदि कोई भी लापरवाही होती है अथवा गलत भुगतान किया जाता है तो जिम्मेदार व्यक्तियों को छोड़ा नहीं जायेगा। नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री मंत्रालय में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की परियोजनाओं कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

एनडब्ल्यूडीटी अवॉर्ड में नर्मदा जल उपयोग की समय-सीमा 2024

नर्मदा वाटर डिस्प्यूट ट्रिब्यूनल अवार्ड 1979 के अनुसार मध्यप्रदेश को 18.25 एमएएफ (1 एमएएम=1233.47 एमसीएम) नर्मदा जल आवंटित किया गया है, जिसका प्रयोग वर्ष 2024 तक किया जाना है।

तीन परियोजनाओं की निविदाएं आमंत्रित

स्वीकृत तीन परियोजनाओं में अपर नर्मदा परियोजना डिंडोरी लागत 1483 करोड़ रुपये प्रस्तावित सिंचाई क्षमता 45 हजार 600 हेक्टेयर, चिंकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना नरसिंहपुर लागत 5839 करोड़ रुपये प्रस्तावित सिंचाई क्षेत्र 1 लाख 31 हजार 925 हेक्टेयर तथा सांवेर माइक्रो सिंचाई परियोजना इंदौर-खरगोन-उज्जैन लागत 3047 करोड़ रुपये प्रस्तावित सिंचाई क्षेत्र 80 हजार हेक्टेयर के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।

स्वीकृत 7 परियोजनाओं- शक्कर पेंच लिंक संयुक्त परियोजना नरसिंहपुर-छिंदवाड़ा, कुक्षी माइक्रो सिंचाई परियोजना धार, दूधी परियोजना होशंगाबाद-छिंदवाड़ा, हार्डिया बराज परियोजना हरदा, राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना डिंडोरी, बसानिया बहुउद्देशीय परियोजना मंडला तथा होशंगाबाद बराज परियोजना के लिए निविदाएं जून माह में आमंत्रित की जाएंगी। इन परियोजनाओं की कुल लागत 15 हजार 568 करोड़ रुपये है। इनसे प्रस्तावित सिंचाई क्षेत्र 2 लाख 87 हजार 616 हेक्टेयर है।

प्रदेश में 30.48 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की पूर्ण एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं से प्रदेश के 30 लाख 48 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। परियोजनाओं के पूर्ण होने पर लगभग 37 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

मई माह में प्रारंभ होंगी स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षाएं

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि अप्रैल माह में आयोजित होने वाली सभी प्रकार की परीक्षाएं अब मई माह में प्रारंभ होंगी। स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की भौतिक रूप से परीक्षा केंद्रों में उपस्थिति के साथ मई 2021 में आयोजित होंगी। मंत्री डॉ. यादव ने जनसम्पर्क संचालनालय के सभागार में पत्रकारों से चर्चा के दौरान यह जानकारी दी।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं ओपन बुक पद्धति से जून 2021 में आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं में नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थी अपने निवास में ही रहकर परीक्षा देंगे तथा निकट के निर्धारित संग्रहण केंद्र में उत्तर पुस्तिकाएं जमा करेंगे।

डॉ. यादव ने कहा कि कोरोना के इस कठिन काल में मध्यप्रदेश पहला राज्य होगा जिसने परीक्षाओं का यह कार्यक्रम घोषित किया है। उन्होंने कहा कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर के लगभग 18 लाख विद्यार्थी इन परीक्षाओं में सम्मिलित होंगे। ऑफलाइन परीक्षाएं कोरोना की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए सम्पन्न कराई जायेंगी।

ज्ञात रहे कि स्नातक अंतिम वर्ष के 4.30 लाख एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के 1.72 लाख परीक्षार्थी प्रदेश के 8 विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित परीक्षाओं में शामिल होंगे। स्नातक प्रथम वर्ष में 5.33 लाख एवं स्नातक द्वितीय वर्ष में 5.25 लाख, स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर के 1.35 लाख परीक्षार्थी प्रदेश के 8 विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित परीक्षाओं में शामिल होंगे। वर्तमान में 8 शासकीय विश्वविद्यालयों में 665 परीक्षा केंद्र के साथ आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सहपरीक्षा केंद्र बनाए जाने के लिये विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया गया है।

परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थी 50 प्रतिशत क्षमता के साथ बैठेंगे। गृह विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा कोविड-19 के संबंध में जारी निर्देशों का पालन करते हुए समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को यह निर्देश जारी किये गये हैं।

महाराष्ट्र के लिये बस आवागमन 15 अप्रैल तक प्रतिबंधित

भोपाल, आगामी 15 अप्रैल, 2021 तक महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश आवागमन करने वाली बसों के परिवहन को प्रतिबंधित किया गया है। अपर मुख्य सचिव, गृह डॉ. राजेश राजौरा ने बताया कि कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिये पूर्व निर्देशों को यथावत रखते हुए अतिरिक्त दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया है कि नवीन निर्देशानुसार भोपाल, इंदौर, जबलपुर, बैतूल, छिन्दवाड़ा, खरगौन एवं रतलाम शहरों में 15 अप्रैल, 2021 तक समस्त स्कूल-कॉलेज में शिक्षण बंद रहेगा।

ऑनलाइन बिजली बिलों के भुगतान की प्रक्रिया सहज - सरल बनाई जाए

जबलपुर, ऑनलाइन बिजली बिलों के भुगतान की प्रक्रिया सहज और सरल बनाई जाए, जिससे कि ग्रामीण उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न आए। उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लिए मैदानी इलाके में विद्युत अभियंता लगातार प्रभावी कार्य-प्रणाली से कार्य करें। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश बिजली कंपनियों के मुख्यालय जबलपुर में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी एवं मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। इससे पूर्व ऊर्जा मंत्री ने जबलपुर पहुंच कर स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया और वहाँ विद्युत सिस्टम की समीक्षा की।

बड़े बकायादारों को चिन्हित कर राजस्व वसूली सुनिश्चित हो

समीक्षा के दौरान श्री तोमर ने कहा कि बड़े बकायादारों को चिन्हित कर उनसे राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण किया जाए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली बिलों की वसूली नियमित व प्रभावी रूप से की जाए एवं राजस्व वसूली की गति वर्ष भर एक सी रखी जाए। श्री तोमर ने कहा कि प्रत्येक विद्युत वितरण केंद्रों की व्यवस्थाएँ जैसे साफ-सफाई, उपभोक्ताओं की सुविधा चुस्त-दुरुस्त रखी जाए।

पुराने ट्रांसफार्मरों को नियोजित तरीके से बदलें

ऊर्जा मंत्री ने पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि नियोजित तरीके से सब स्टेशनों में स्थापित ट्रांसफार्मरों को परिवर्तित किया जाए। उन्होंने आगामी रबी सीजन में पूरे प्रदेश में ट्रांसमिशन सिस्टम की प्लानिंग की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश के किसी भी हिस्से में वोल्टेज की समस्या न रहे। ऊर्जा मंत्री ने प्रत्येक स्टोर में रात्रिकालीन व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए।

ताप विद्युत गृहों में सतत् विद्युत उत्पादन हो

पावर जनरेटिंग कंपनी के कार्यों की समीक्षा करते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ताप विद्युत गृहों में सतत् विद्युत उत्पादन के हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने विद्युत गृहों में पर्यावरण मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने को कहा।

रिसर्च विंग कोविड संकट से निपटने के लिये विस्तृत स्टडी करे

भोपाल, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि कोविड के दौर में चिकित्सा महाविद्यालयों की रिसर्च विंग संकट से निपटने के लिये विस्तृत रूप से स्टडी करे और स्टडी में सामने आये पहलुओं की जानकारी शासन और प्रशासन को दे। श्री सारंग ने कोविड वार्ड में डीन, अधीक्षक, एचओडीज को अनिवार्य रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिये। मंत्री श्री सारंग ने कोविड के दृष्टिगत एक अहम बैठक ली। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज के डीन और संबद्ध अस्पतालों के अधीक्षक मौजूद थे। अपर मुख्य सचिव श्री मोहम्मद सुलेमान, स्वास्थ्य आयुक्त श्री निशांत वरवड़े और संचालक डॉ. उल्का श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

कोरोना टेस्टिंग रिपोर्ट 24 घंटे में उपलब्ध हो

श्री सारंग ने निर्देश दिये कि कोरोना की टेस्टिंग रिपोर्ट 24 घंटे के अंदर उपलब्ध करायी जाये। पॉजिटिव/निगेटिव, दोनों रिपोर्ट की मॉनीटरिंग हो। उन्होंने कहा कि सभी डीन और सीएमएचओ आपस में सामंजस्य बनाकर कार्य करें।

मेडिकल कॉलेजों में बेड बढ़ायें

श्री सारंग ने निःशुल्क टेस्टिंग व्यवस्था, फीवर क्लीनिक, होम आइसोलेशन, स्टाफ को ट्रेनिंग आदि विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में बेड क्षमता बढ़ाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का समुचित इलाज हो और शिफ्ट वाइस टेस्टिंग की जाये, जिससे रिजल्ट समय पर प्राप्त हों, ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नर्सेस की भर्ती पर भी ध्यान दिया जाये। जहां भर्तियां हो चुकी हैं, वहां अभ्यर्थियों को ज्वॉइन करवाया जाये।

श्री सारंग ने कहा कि राज्य सरकार कोविड से निपटने के लिये हर तरह से तैयार है। सरकार के पास सभी संसाधन उपलब्ध हैं। दवाई की उपलब्धता की प्लानिंग की आवश्यकता है। मरीज को अकेलापन न महसूस हो, इस बात का भी डॉक्टर्स को ध्यान रखना होगा। उनके प्रति आत्मीयता होना बहुत आवश्यक है।

श्री सारंग ने कहा कि डॉक्टर्स प्रो-एक्टिव होकर टीम भावना से काम करें। अपनी तरफ से भी किसी भी स्थिति से निपटने के लिये परिस्थितियों का आकलन करते रहें। हेल्प डेस्क की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सी.सी.टी.व्ही. कैमरे सहित अन्य सेफ्टी मेजर्स पर पूरा ध्यान दिया जाये।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलास सारंग कोरोना नियंत्रण एवं व्यवस्था के संबंध में डीन, अधीक्षक तथा चिकित्सा अधिकारियों से चर्चा करते हुये।

एक अप्रैल से ऑनलाइन प्राप्त किये जाएंगे विज्ञापन देयक

भोपाल, जनसम्पर्क संचालनालय में एक अप्रैल, 2021 से समस्त प्रकार के विज्ञापन देयकों के भुगतान की प्रणाली को ऑनलाइन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत अब विभाग द्वारा जारी विज्ञापनों के देयक सिर्फ ऑनलाइन ही लिये जायेंगे। देयकों का बिल भी ऑनलाइन सिस्टम से ही जनरेट होगा।

आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े ने बताया कि इस व्यवस्था से जहां एक ओर पारदर्शिता आयेगी, वहीं दूसरी ओर समाचार-पत्रों एवं अन्य मीडिया संस्थानों को देयक जमा कराने में सुविधा प्राप्त होगी। वर्तमान में जिस सॉफ्टवेयर से विज्ञापन आदेश प्रदाय किये जा रहे हैं, उसी सॉफ्टवेयर से विज्ञापन देयक ऑनलाइन जमा होंगे। ऑनलाइन बिल जनरेट करने की प्रक्रिया सॉफ्टवेयर में यूजर मैन्यूअल के अंदर उपलब्ध है। सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान की दृष्टि से समाचार-पत्रों को जारी किये जाने वाले शासकीय निविदा और प्रदर्शन विज्ञापन भी ऑनलाइन ही जारी किये जा रहे हैं। साथ ही शासकीय विभागों से प्राप्त होने वाली निविदा और प्रदर्शन विज्ञापन भी ऑनलाइन ही सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्राप्त हो रहे हैं। इसके अगले चरण में विज्ञापनों के देयक भी ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे।

स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं 3 महीने के लिये अत्यावश्यक सेवाओं के रूप में अधिसूचित

भोपाल, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने बताया है कि कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिये स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं को 3 माह के लिये अत्यावश्यक सेवाओं के रूप में अधिसूचित किया गया है। इसकी सूचना राजपत्र में प्रकाशित की जा चुकी है। डॉ. राजौरा ने बताया है कि राजपत्र में जारी अधिसूचना अनुसार मध्यप्रदेश अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम-1979 की धारा-4 की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार समस्त शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय संस्थानों में समस्त स्वास्थ्य सुविधाओं, डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्यकर्मी, स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता कार्यकर्ता, मेडिकल उपकरणों की बिक्री संधारण एवं परिवहन, दवाइयों एवं ड्रग्स की बिक्री, परिवहन एवं विनिर्माण, एम्बुलेंस सेवाएं, पानी एवं बिजली की आपूर्ति, सुरक्षा संबंधी सेवाओं, खाद्य एवं पेयजल प्रावधान एवं प्रबंधन तथा बॉयो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन को अत्यावश्यक सेवाओं में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य संबंधी उक्त कार्य करने से इंकार किये जाने का प्रतिषेध किया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

दस किलोवॉट तथा उससे अधिक भार के उपभोक्ताओं को ईमेल एवं वॉट्सएप से बिजली बिल

भोपाल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने हाई वैल्यू कंज्यूमर को एक अप्रैल से एचटी उपभोक्ताओं की भांति वॉट्सएप, ई-मेल एवं एसएमएस के माध्यम से बिजली बिल भेजेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री विशेष गढ़पाले ने कहा कि कंपनी के 10 किलोवॉट एवं उससे अधिक भार के हाई वैल्यू कंज्यूमर कंपनी के मासिक राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

अतः विशेष सुविधा के रूप में बिजली बिल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के अलावा यदि हाई वैल्यू कंज्यूमर चाहेंगे तो उन्हें बिजली बिल की हार्ड कॉपी भी भेजी जाएगी। इसके लिए उपभोक्ताओं को कंपनी के पोर्टल portal.mpcz.in अथवा https://bit.ly/2O6xIHl पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा अथवा उन्हें कॉल सेन्टर (1912) या वॉट्सएप चैटबोट (0755-2551222) के माध्यम से अपना नंबर दर्ज कराना होगा।

अंग-भंग से प्रभावित तीनों महिलाओं को चार-चार लाख रुपये की सहायता - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास पर घरेलू हिंसा पर कठोर कानून बनाने के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये कहा है कि प्रदेश में मार्च माह में अंग-भंग के जघन्य अपराध से प्रभावित तीनों महिलाओं को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पति या परिवार के निकटतम व्यक्ति द्वारा घर की महिला पर हिंसा मूलतः विश्वास की हत्या है। जिस पर महिला की सुरक्षा और संरक्षण का दायित्व है, यदि वही आक्रांता और अत्याचारी हो जाएगा तो महिला का भरोसा किस पर रहेगा। प्रदेश में हुई हाथ काटने की घटनाएं घोर निंदनीय हैं। ऐसा अत्याचार करने वाले व्यक्ति समझ लें कि सरकार हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठी रहेगी। कठोरतम सजा के लिए कड़े प्रावधान किए जाएंगे और पीड़ित महिलाओं की सहायता के लिए भी हर संभव व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान घरेलू हिंसा पर कठोर कानून बनाने के संबंध में बैठक करते हुये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि घरेलू हिंसा में महिला के अंग-भंग की स्थिति में अधिक कठोर दंड का प्रावधान किया जाएगा। राज्य शासन महिलाओं के प्रति संवेदनशील है। अंग-भंग से प्रभावित महिलाओं की सहायता और क्षतिपूर्ति के लिए विशेष योजना लागू की जाएगी। साथ ही घरेलू हिंसा के सामान्य प्रकरणों में त्वरित और कठोर कार्रवाई के लिए व्यवस्था को अधिक संवेदनशील बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिलाओं की सहायता के लिए प्रदेश के 700 थानों में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी।

ग्रामीण निर्धन परिवारों की महिलाओं को स्व-सहायता समूह के माध्यम से सशक्त बनाना शासन का उद्देश्य

भोपाल, मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा वर्ष 2012 से ग्रामीण निर्धन परिवारों की महिलाओं के सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण के लिये स्व-सहायता समूह बनाकर उनके संस्थागत विकास तथा आजीविका के संवहनीय अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

मिशन द्वारा प्रदेश में अब तक समस्त जिलों के लगभग 44 हजार ग्रामों में 3 लाख 22 हजार स्व-सहायता समूहों का गठन किया गया है। इन समूहों से लगभग 36 लाख 53 हजार महिलाओं को जोड़ा जा चुका है। मिशन का उद्देश्य ग्रामीण निर्धन परिवारों की महिलाओं को स्व-सहायता समूह के रूप में संगठित करके सहयोगात्मक मार्गदर्शन करना तथा समूह सदस्यों के परिवारों को रुचि अनुसार उपयोग स्व-रोज़गार एवं कौशल आधारित आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि मजबूत बुनियादी संस्थाओं के माध्यम से निर्धन परिवारों की आजीविका को संवहनीय एवं स्थायी आधार पर बेहतर बनाया जा सके।

स्व-सहायता समूहों से जुड़ चुके अधिकांश परिवार आज सम्मानपूर्वक जीवन-यापन कर रहे हैं। उनके द्वारा न सिर्फ आर्थिक बदलाव लाया जा रहा है, बल्कि सामाजिक एवं राजनैतिक सशक्तिकरण भी हो रहा है।

प्रदेश में आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूहों से जुड़े परिवारों में से 12 लाख 60 हजार से अधिक परिवार कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका गतिविधियों से जुड़े हैं, जबकि लगभग 4 लाख 11 हजार से अधिक परिवार गैर कृषि आधारित लघु उद्यम आजीविका गतिविधियों से जुड़कर काम कर रहे हैं।

समूहों को मिशन द्वारा चक्रीय निधि, सामुदायिक निवेश निधि आपदा कोष तथा बैंक लिंकेज के रूप में वित्तीय सहयोग किया जा रहा है। इस राशि से उनकी छोटी-बड़ी आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाती है, जिससे वह साहूकारों के कर्जजाल से बच जाते हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में आजीविका गतिविधियों को और सुदृढ़ करने के लिये इस वर्ष 1400 करोड़ रुपये से अधिक बैंक ऋण समूहों को उपलब्ध कराने का लक्ष्य प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है। इनमें से 18 मार्च 2021 तक 1325 करोड़ रुपये से अधिक समूहों को वितरित किये जा चुके हैं।

इस राशि से ग्रामीण तबके के परिवारों की आजीविका गतिविधियों को शुरू करने तथा सुदृढ़ करने के अवसर कई गुना बढ़ गये हैं। यह राशि जैसे-जैसे समूहों में पहुंचती जा रही है, निर्धन परिवारों के जीवन में बड़े सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं, उनकी आर्थिक, सामाजिक स्थिति में तेजी से सुधार दिखाई दे रहा है जिससे ऋण वापसी और भी सरल हो गई है। सरकार द्वारा किये जा रहे इस सहयोग से ग्रामीण निर्धनों का कर्ज बोझ कम हुआ है, साथ ही बचत के अवसर भी बढ़े हैं। सरकार द्वारा समूहों को दिये जाने वाले ऋण पर ब्याज दर को अब 4 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया गया है।

सरकार की प्राथमिकता एवं आजीविका मिशन के प्रयासों का ही परिणाम है कि जो समूह सदस्य महिलाएं कुछ वर्षों पहले मुश्किल से तीन-चार हजार रुपये प्रतिमाह आय अर्जित कर पाती थीं, आज ऐसी लाखों महिलाएँ जो सम्मानपूर्वक प्रतिमाह 10 हजार रुपये से अधिक आय संवहनीय रूप से अर्जित करने लगी हैं।

समूहों में जुड़कर न सिर्फ उन्होंने अपनी आय के संसाधनों में वृद्धि की है, बल्कि परिवार के अन्य सदस्यों को भी उनकी रुचि के अनुसार रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराये हैं। ऐसी महिलाएं अपने परिवार की बुनियादी जरूरतों के अलावा शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की पूर्ति के लिये परिवार का सहारा बन रही हैं।

मध्यप्रदेश के आजीविका उत्पादों को सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर वृहद बाजारों से जोड़ने के लिये डिजिटल प्लेटफॉर्म से भी जोड़ा जा रहा है, ताकि उचित दाम में सामान सीधा खरीदा एवं बेचा जा सके, जिसका फायदा समूह सदस्यों को अधिक से अधिक मिल सके। समूहों और ग्राहकों के बीच कोई बिचौलिया न हो, इसके लिये आजीविका गतिविधि से बनाई जा रही वस्तुओं को बेचने के लिये, बाजार उपलब्ध कराने के लिये मध्यप्रदेश आजीविका मार्ट (Madhya Pradesh Ajivika Mart) पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल पर समूहों के उत्पाद दर्ज किये जा रहे हैं तथा पोर्टल www.shgjivika. mp.gov.in/mpmart/index के माध्यम से ही ग्राहक सीधे संपर्क कर वस्तुएं खरीद सकेंगे।

प्रदेश में शासकीय स्कूलों के छात्रों की गणवेश सिलाई का काम समूहों को दिया गया है। पिछली बार समूह सदस्यों ने अच्छा काम किया था। इस बार फिर से समूहों को स्कूल गणवेश का काम दिया गया है। काम में पारदर्शिता बनाये रखने तथा प्रक्रिया को सरल बनाने के लिये स्व-सहायता पोर्टल बनाया गया है, जिसकी सहायता से यह काम और भी आसान हो जाएगा।

मिशन द्वारा दिये जा रहे लगातार प्रशिक्षण, वित्तीय साक्षरता, वित्तीय सहयोग एवं सहयोगात्मक मार्गदर्शन से लाखों परिवारों की निर्धनता दूर हो गई है। प्रशिक्षणों का ही परिणाम है कि समूह सदस्यों के अन्दर गरीबी से उबरने की दृढ़ इच्छाशक्ति उत्पन्न हुई। परिणामस्वरूप वह आगे बढ़कर पात्रता अनुसार अपने हक, अधिकार न केवल समझने लगे हैं, बल्कि प्राप्त करने लगे हैं। मिशन के प्रयासों से ग्रामीण निर्धन परिवारों के जीवन में अनेकों सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं। इनमें सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण प्रमुख रूप से देखा जा सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धन परिवारों में महिलाओं की आय मूलक गतिविधियां करने के अवसर नहीं मिलते थे, उनका जीवन केवल चूल्हे-चौके व घर की चार दीवारी तक की सीमित रह जाता था। घर के संचालन, आय-व्यय, क्रय-विक्रय आदि सहित अन्य मुद्दों पर निर्णय में पुरुषों का एकाधिकार था, यहां तक कि महिलाओं के आने-जाने, उठने-बैठने, पहनने-ओढ़ने, खाने-पीने आदि जैसे व्यक्तिगत मुद्दों पर भी उनकी राय लेना मुनासिब नहीं समझा जाता था, बल्कि सब कुछ एकतरफा उन पर थोप दिया जाता था। कभी परंपरा तो कभी संस्कार मर्यादा के नाम पर महिलाओं के पास इन्हें ढोने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता था। उनकी अपनी कोई पहचान इच्छा-अनिच्छा, सहमति-असहमति नहीं होती थी। घर के संचालन एवं खेती बाड़ी तथा व्यवसायिक कार्यों में महिलाओं की राय लेना तो जैसे सपनों की बातें हों।

समूहों, ग्राम संगठनों, संकुल स्तरीय संघों की नियमित बैठकों में भागीदारी करने से उनकी समझ व सक्रियता बढ़ गई है। साथ ही उनकी कार्यशैली में निखार आया एवं आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी हुई है। समूहों में सिखाये गये 13 सूत्रों ने उन्हें मूल मंत्र दे दिया जिससे वे निरंतर आगे बढ़ती जा रही हैं। समूहों की बैठक में नियमित बचत लेन-देन, ऋण वापसी तथा दस्तावेजीकरण, बैंकों में आने-जाने से उनके अंदर वित्तीय साक्षरता, व्यावसायिक प्रबंधन की क्षमता विकसित हो गई। इसी का परिणाम है कि घूंघट में रहने वाली शर्मीले स्वभाव की ग्रामीण महिलायें आज अपनी पिछड़ेपन की पहचान बदलकर बड़ी-बड़ी सभाओं में मंच से भीड़ के सामने निर्भीक होकर अपने विचार व्यक्त करती हैं।

समूहों को आगे बढ़ने में आ रही व्यवहारिक समस्याओं का भी सरकार द्वारा एक-एक करके समाधान किया जा रहा है। कुछ 6 समस्यायें जैसे समूहों की बैठक करने के लिये स्थान का अभाव, समूहों, ग्राम संगठनों व सीएलएफ कार्यालयों के लिये भवन न होना, आजीविका उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय के लिये आउटलेट भवन नहीं थे। इसका समाधान करते हुये सरकार द्वारा समूहों की बैठकें करने के लिये विभिन्न जिलों में 6000 से अधिक शासकीय भवन आवंटित कराये गये हैं। इन भवनों में बैठकर समूह सदस्य सम्मानपूर्वक समूह की गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं।

इसी प्रकार 4 हजार से अधिक ग्राम संगठनों को कार्यालय भवन, 416 संकुल स्तरीय संगठनों के कार्यालय भवन 131 आजीविका आउटलेट के लिये भवन आवंटित किये जा चुके हैं।

प्रदेश में 32 आजीविका रूरल मार्ट शुरू हो चुके हैं और 44 रूरल मार्ट के प्रस्ताव प्रेषित किये जा चुके हैं यह भी शीघ्र शुरू हो जायेंगे। इन मार्ट में एक ही स्थान पर समस्त आजीविका उत्पादों का सुपर स्टोर की तरह सामान बेचा जा रहा है।

सरकार से मिल रहे सहयोग के कारण समूह सदस्य महिलाएं अपने आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी समूहों के माध्यम से कई सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र में समूह सदस्यों द्वारा नशा मुक्ति, बाल विवाह रोकना, स्वच्छता, पोषण, पर्यावरण संरक्षण जैसे गंभीर विषयों पर भी सामाजिक व्यवहार परिवर्तन के लिये सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं।

वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान बचाव सामग्री बनाकर आपदा को अवसर में बदलने के लिये भी समूहों ने अच्छा काम किया है। लॉकडाउन से लेकर अब-तक 1 करोड़ 28 लाख से अधिक मास्क, 1 लाख 17 हजार से अधिक पीपीई किट, 1 लाख 2 हजार 103 लीटर सेनेटाइजर, 19 हजार 376 लीटर से अधिक हैण्डवॉश एवं 2 लाख 39 हजार से अधिक साबुन निर्माण किया। इस कार्य से बीमारी की रोकथाम में सहायता मिली साथ ही समूह सदस्यों को अतिरिक्त आय भी प्राप्त हुई।

मध्यप्रदेश सरकार ने समूहों को आगे बढ़ाने के लिये नये-नये अवसर दिये हैं। कुछ जिलों में समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी का काम भी समूह सफलतापूर्वक संचालित कर रहे हैं। समूह सदस्यों द्वारा आजीविका एक्सप्रेस सवारी वाहनों का संचालन भी बेहतर ढंग से किया जा रहा है।

मिशन के समूहों से जुड़कर महिलाओं को जो अवसर मिला उससे उन्होंने अपनी काबिलियत को सिद्ध कर अपनी अलग पहचान बनाई। मिशन द्वारा लगभग 6700 महिलाओं को कम लागत कृषि एवं जैविक खेती पर प्रशिक्षित किया गया। इन्होंने मास्टर कृषि सी.आर.पी. के रूप में न केवल अपने घर, गांव, जिला, प्रदेश बल्कि अन्य राज्यों जैसे- हरियाणा, उत्तरप्रदेश व पंजाब में भी सेवायें देकर अपनी अलग पहचान बनाई है।

प्रदेश के कई क्षेत्रों में कम लागत एवं जैविक कृषि पद्धति अपनाने के लिये समूहों के सदस्यों ने बहुत अच्छा काम किया है। मिशन अंतर्गत चिन्हित जैविक क्लस्टरों में समूहों की कृषि सी.आर.पी. के द्वारा किये जा रहे प्रयासों से घरों में बनाये जाने वाले जैविक खाद, कीटनाशक एवं बीजोपचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

जैविक क्लस्टरों में किसानों ने रासायनिक खाद का प्रयोग करना लगभग बंद कर दिया है। यहां जैविक खाद के साथ-साथ जैविक कीटनाशकों का उपयोग किया जा रहा है। इस प्रक्रिया से रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों पर होने वाला खर्चा बच गया, जिससे लागत कम हो गई तथा जैविक खाद के प्रयोग से उपज में भी वृद्धि हो रही है। कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का यह अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है जिसके परिणाम धीरे-धीरे आना शुरू हो गये हैं।

सरकार द्वारा प्राथमिकता से सहयोग किये जाने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति का नजारा अब तेजी से बदल रहा है। गैर-आय मूलक नगण्य घरेलू कामों के अलावा अब समूह सदस्य महिलायें अपने परिवार के साथ-साथ गाँव एवं सामुदायिक विकास महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी राय देती हैं। उनके अन्दर आई जागरूकता के कारण न केवल घर में बल्कि गांव व क्षेत्र में भी उनके सम्मान में बढ़ोत्तरी हुई है।

- महेन्द्र सिंह सिसोदिया
(लेखक, प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री हैं)

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

अमिताभ बच्चन

इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म आर्काइव अवॉर्ड से सम्मानित

भारतीय फिल्मों के संरक्षण के लिये एक म्यूजियम बनाने पर सुपरस्टार अमिताभ बच्चन को सम्मानित किया गया है। उन्हें एक वर्चुअल सेरेमनी में इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म आर्काइव (एफआईएएफ) का अवॉर्ड दिया गया। ये अवॉर्ड पाने वाले वे पहले भारतीय अभिनेता हैं। सेरेमनी में अमिताभ ने बताया कि जया बच्चन के कहने पर वे 2015 से ही पुरानी फिल्मों के संरक्षण में जुट गये थे।

सामिया सुलुहू

तंजानिया की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं

तंजानिया में 61 वर्षीय सामिया सुलुहू देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं। उन्होंने देश के सबसे बड़े शहर दार-उस-सलाम में स्टेट हाउस के सरकारी कार्यालय में शपथ ग्रहण की। सामिया ने हिजाब पहन कर और अपने दाएं हाथ में कुरान पकड़े हुये पद की शपथ ली। सुलुहू हसन 2025 तक इस पद पर काबिज रहेंगी। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्वी अफ्रीकी देश के मुख्य न्यायाधीश और मंत्रिमंडल के सदस्य शामिल हुए।

विलियम बर्न्स

सीआईए के नये निदेशक होंगे

अमेरिकी सीनेट ने विलियम बर्न्स को अमेरिका की केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) का नया निदेशक बनाये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सीनेट की प्रेस गैलरी ने ट्वीट कर बताया कि सीनेट ने इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया है। मैरीलेंड के विलियम जोसेफ बर्न्स को सीआईए का नया निदेशक चुना गया है।

बिल नेल्सन

नासा के अगले प्रमुख होंगे

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन पूर्व अंतरिक्ष यात्री और सीनेटर बिल नेल्सन को देश की अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) का अगला प्रमुख बनाने जा रहे हैं। 78 वर्षीय नेल्सन ने 1986 में अंतरिक्ष में उड़ान भरी थी। अमेरिकी सीनेट के सदस्य के रूप में नेल्सन 2001 से 2019 तक कांग्रेस में नासा के अंतरिक्ष कार्यक्रम मामलों की समिति के प्रमुख रहे। उन्होंने राष्ट्रपति बाइडेन के चुनाव प्रचार में भी सक्रिय योगदान दिया था।

टैटू आर्टिस्ट वेस थॉमस

लंदन में बैठकर नीदरलैंड में अभिनेत्री के हाथ पर टैटू बनाया

लंदन के टैटू आर्टिस्ट वेस थॉमस ने नीदरलैंड में बैठी अभिनेत्री स्टिजन फ्रेंसेन के हाथ पर थ्री डी टैटू बनाकर नया कारनामा कर डाला। यह दुनिया का पहला टैटू है जो 300 मील की दूरी से बनाया गया। यह कारनामा वेस ने टेक्नोलॉजिस्ट नोएलडू के साथ मिलकर पूरा किया। इसमें थ्री डी प्रिंटर का इस्तेमाल किया गया। इसके जरिये दुनिया के पहले रिमोट टैटू का भी प्रदर्शन किया गया।

इक्वाडोर

स्वास्थ्य मंत्री ने 19 दिन पद पर रहकर दिया इस्तीफा

व्याख्या :- डिण्डोरी जिले की प्रमुख जनजाति बैगा को राष्ट्रीय मानव के रूप में जाना जाता है। प्रदेश में बैगा जनजाति की जनसंख्या लगभग 1 लाख 31 हजार है।

7. म.प्र. के किस जिले से नर्मदा नदी प्रवाहित नहीं होती?
(A) डिण्डोरी (B) खरगोन
(C) हरदा (D) रीवा
उत्तर :- (D) रीवा
व्याख्या :- नर्मदा नदी अमरकंटक से सोंडवा (अलीराजपुर) तक 1077 कि.मी. प्रदेश में प्रवाहित होती है। यह प्रदेश के 15 जिलों से गुजरती है।

8. कर्क रेखा (23-1/2° अक्षांश) के उत्तर में अवस्थित जिला है?
(A) मन्दसौर (B) अनूपपुर
(C) शाजापुर (D) उक्त सभी
उत्तर :- (A) मन्दसौर
व्याख्या :- कर्क रेखा रतलाम से शहडोल जिले तक प्रदेश के कुल 14 जिलों से गुजरती है। मन्दसौर इसके उत्तर में जबकि शाजापुर व अनूपपुर इसके दक्षिण में हैं।

9. कर्क रेखा को दो बार काटने वाली नदी है?
(A) नर्मदा (B) कालिसिंध
(C) बेतवा (D) माही
उत्तर :- (D) माही
व्याख्या :- धार जिला के मिंडा ग्राम (विंध्य पर्वत) से उद्गमित होकर माही झाबुआ, रतलाम जिलों में प्रवाहित होती है। राजस्थान, गुजरात से होकर खंभात की खाड़ी द्वारा अरब सागर में गिरती है। यह कर्क रेखा को दो बार काटती है। (कुल लम्बाई लगभग 580 किमी है)
- माही नदी पर माही बजाज सागर बांध (बांसवाड़ा) है।

10. रामायणकालीन भरत मिलाप का स्थल किस जिले में है?
(A) सतना
(B) रीवा
(C) बालाघाट
(D) अनूपपुर
उत्तर :- (A) सतना
व्याख्या :- विंध्य पर्वतमाला के उत्तरी पर्वत स्कन्ध में बसे चित्रकूट (सतना) में कामदगिरि को भरत मिलाप स्थल माना जाता है। यहां मन्दाकिनी तट पर रामघाट के अलावा जानकी कुण्ड, सती अनुसुइया, गुप्त गोदावरी, भरत कूप आदि पवित्र स्थल हैं।

11. म.प्र. की जनजाति और उनसे संबद्ध प्रतीक सांस्कृतिक के जोड़े में गलत है?
(A) भारिया - भड़म नृत्य
(B) कोल - गोहिया पंचायत
(C) भील - पोडा खेती
(D) गोंड जनजाति - बूढ़ा देव
उत्तर :- (C) भील - पोडा खेती
व्याख्या :- बैगा जनजाति झूम खेती करती है, जिसे पोडा (बेवार या डाहिया खेती) कृषि कहा जाता है।
इसी तरह की खेती प्रणाली को भीलों में चिमाता, भारिया जनजाति में दाहिया/डहिया खेती कहा जाता है।

12. म.प्र. लोक निर्माण विभाग द्वारा अनुरक्षित सड़कों की लम्बाई है (किमी)?
(A) 8858
(B) 70900
(C) 67200
(D) 90400
उत्तर :- (B) 70900
व्याख्या :- प्रदेश में पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा अनुरक्षित सड़कों की लम्बाई 70900 किमी है। राष्ट्रीय राजमार्ग की लम्बाई 8858 किमी है। प्रदेश के प्रति 100 वर्ग किमी क्षेत्रफल पर 23 किमी सड़कों की लम्बाई है।

13. रीवा अल्ट्रा मेगा सौर परियोजना की क्षमता है?
(A) 720 मेगावॉट
(B) 1200 मेगावॉट
(C) 750 मेगावॉट
(D) 100 मेगावॉट
उत्तर :- (C) 750 मेगावॉट
व्याख्या :- एशिया के सबसे बड़े सोलर प्रोजेक्ट रीवा में 250-250 मेगावॉट की तीन सौर इकाइयां हैं। इससे लगभग 15 लाख टन CO_2 के बराबर कार्बन उत्सर्जन कम होने की संभावना है।
- प्रदेश में सौर ऊर्जा परियोजनाएं निम्न स्थलों पर निर्माणाधीन हैं -
(1) आगर 550 MW
(2) शाजापुर 450 MW
(3) नीमच 500 MW
(4) ओंकारेश्वर फ्लोटिंग बांध 600 MW
(5) मुरैना 1400 MW

14. मध्यप्रदेश का सर्वाधिक विद्युत उत्पादक जिला है?
(A) सिंगरौली
(B) सीधी
(C) खण्डवा
(D) बैतूल
उत्तर :- (C) खण्डवा
व्याख्या :- प्रदेश के खण्डवा जिले में ताप विद्युत की 04 इकाइयां दोंगलिया (सिंगाजी ताप वि. केन्द्र) में स्थापित हैं जिसकी क्षमता 2520 मेगावॉट की है। यहां ओंकारेश्वर जल विद्युत 520 मेगावॉट, इंदिरा सागर परियोजना 1000 मेगावॉट की स्थापित है।
सौर ऊर्जा - खण्डवा के छिरवेल में 200 मेगावॉट एवं ओंकारेश्वर में 600 मेगावॉट की परियोजना निर्माणाधीन हैं।

15. सेल्दा डालची विद्युत इकाई किस जिले में है?
(A) खण्डवा
(B) खरगोन
(C) रीवा
(D) रायसेन
उत्तर :- (B) खरगोन
व्याख्या :- विद्युत उत्पादक कम्पनी एन.टी.पी.सी. की देश की पहली अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल उत्पादन इकाई सेल्दा डालची खरगोन में है। इसकी 1320 मेगावॉट विद्युत उत्पादन क्षमता है।
- एन.टी.पी.सी. की प्रदेश में स्थापित अन्य प्रमुख इकाइयां हैं विंध्याचल (4760 मेगावॉट) एवं गाडरवारा 800 मेगावॉट।

16. म.प्र. के सर्वाधिक क्षेत्र पर विस्तारित वन हैं?
(A) आरक्षित
(B) संरक्षित
(C) गैर वर्गीकृत
(D) खुले वन
उत्तर :- (A) आरक्षित
व्याख्या :- म.प्र. में वन विभाग की स्थापना से ही वनों का वैज्ञानिक प्रबंधन प्रारंभ हुआ। प्रशासकीय प्रबंधन की दृष्टि से प्रदेश के वनों को 03 भागों में बांटा गया है।

17. भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2019 के अनुसार म.प्र. के वनक्षेत्र में कितनी वृद्धि दर्ज की गई है?
(A) 5188 वर्ग किमी
(B) 68 वर्ग किमी
(C) 499 वर्ग किमी
(D) 1025
उत्तर :- (B) 68 वर्ग किमी
व्याख्या :- गत वन रिपोर्ट 2017 की तुलना में वर्ष 2019 में देश में 5188 वर्ग किमी वन की वृद्धि हुई है। म.प्र. में 68 वर्ग किमी वनक्षेत्र बढ़ा है, जबकि मणिपुर में 499 वर्ग किमी वन क्षेत्र की कमी हुई है।
- 2019 वन रिपोर्ट अनुसार भारत का सबसे बड़ा वन क्षेत्र वाला राज्य म.प्र. है (वन क्षेत्र म.प्र. 77482 वर्ग किमी)

18. अखबारी कागज कारखाना नेपानगर की स्थापना हुई?
(A) 1947 (B) 1974
(C) 1965 (D) 1972
उत्तर :- (A) 1947
व्याख्या :- नेपा लिमिटेड बुरहानपुर मूलतः निजी उद्यमी द्वारा 1947 में स्थापित हुआ, यह 1959 में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम बना। यह देश का प्रथम अखबारी कागज कारखाना है।

19. म.प्र. में जलोढ़ मिट्टी का क्षेत्र प्रदेश के किस क्षेत्र में है?
(A) पूर्व
(B) पश्चिम
(C) उत्तर
(D) दक्षिण क्षेत्र
उत्तर :- (C) उत्तर
व्याख्या :- प्रदेश में जलोढ़ मिट्टी का निर्माण बुंदेलखंड नीस तथा चम्बल द्वारा निक्षेपित पदार्थों से हुआ है। यह मिट्टी प्रदेश के उत्तर में मुरैना, भिंड, ग्वालियर तथा शिवपुरी जिलों में लगभग 30 लाख एकड़ क्षेत्र में विस्तारित है।

20. वन राजिक महाविद्यालय अवस्थित है?
(A) मण्डला
(B) मुरैना
(C) उज्जैन
(D) बालाघाट
उत्तर :- (D) बालाघाट
व्याख्या :- म.प्र. के बालाघाट में वनराजिक महाविद्यालय है तथा 08 वन विद्यालय क्रमशः बैतूल, अमरकंटक, शिवपुरी, लखनादौन, गोविन्दगढ़, पचमढ़ी, झाबुआ एवं ताला (उमरिया) में हैं।

21. वानिकी अनुसंधान एवं मानव संसाधन विकास केन्द्र अवस्थित है?
(A) भोपाल
(B) छिन्दवाड़ा
(C) जबलपुर
(D) रीवा
उत्तर :- (B) छिन्दवाड़ा
व्याख्या :- वन अनुसंधान संस्थान देहरादून से संबद्ध म.प्र. में निम्न संस्थान हैं -
(1) भारतीय वन प्रबंध संस्थान, भोपाल
(2) वानिकी अनुसंधान, छिन्दवाड़ा
(3) उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान, जबलपुर
(4) राज्य वन अनुसंधान, जबलपुर

22. म.प्र. राज्य खनिज निगम का स्थापना वर्ष है?
(A) 1956 (B) 1984
(C) 1960 (D) 1962
उत्तर :- (D) 1962
व्याख्या :- म.प्र. खनिज निगम 1962 में स्थापित किया गया। प्रदेश में प्रमुख रूप से 20 प्रकार के खनिजों का उत्पादन होता है।
हीरा, मैंगनीज, पायरोफिलाइट, ताम्र अयस्क उत्पादन में प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है।
- खनिज उपलब्धता की दृष्टि से म.प्र. राष्ट्र का चौथा खनिज संपन्न राज्य है।

23. सिडोली प्रथा संबंधित है?
(A) जन्म से
(B) मृत्यु से
(C) विवाह से
(D) उपनयन से
उत्तर :- (B) मृत्यु से
व्याख्या :- म.प्र. की कोरकू जनजाति में मृतक की समाधि पर लकड़ी का स्तम्भ 'मण्डो' लगाने की प्रथा है तथा मृतक को देव पितर में शामिल करने के लिए सिडोली पर्व (मृत्यु भोज एवं नृत्य) भी मनाने की परंपरा है।

24. जनजाति व उनसे संबद्ध सांस्कृतिक प्रथा में असंबंध है?
(A) कोरकू जनजाति - जिरोती
(B) कोल जनजाति - दहका नृत्य
(C) गोंड जनजाति - लमसना विवाह
(D) भारिया - पिठौरा चित्र
उत्तर :- (D) भारिया - पिठौरा चित्र
व्याख्या :- भील जनजाति की पिठौरा (पिथौरा) भित्ति चित्र कला अत्यंत समृद्ध है।
- भील निवास स्थल को फाल्या कहा जाता है।

25. क्षेत्रीय गेहूं अनुसंधान केन्द्र इन्दौर से 2021 में विकसित गेहूं की दो नई किस्में हैं?
(A) अहिल्या - वाणी
(B) महिष्मति - अवन्ति
(C) जाबालि - ग्वाला
(D) देवी - राधा
उत्तर :- (A) अहिल्या - वाणी
व्याख्या :- दो नवीन विकसित किस्में हैं अहिल्या एवं वाणी। इनका वैज्ञानिक नाम है।
एच.आई. - 1633 (पूसा वाणी)
एच.आई. - 1634 (पूसा अहिल्या)

26. म.प्र. में सर्वाधिक वन क्षेत्र वाला जिला है?
(A) छिंदवाड़ा (B) बैतूल
(C) बालाघाट (D) श्योपुर
उत्तर :- (C) बालाघाट
व्याख्या :- म.प्र. में सर्वाधिक वन क्षेत्र 4932 वर्ग किमी बालाघाट जिले में है जो जिले के कुल क्षेत्र का 53.44% क्षेत्र है।

- जितेन्द्र सिंह भदौरिया
(लेखक प्रतियोगी परीक्षा संबंधी विषयों पर लेखन करते हैं।)

जागो ग्राहक जागो

उपभोक्ता अपने अधिकारों का उपयोग सतर्कता एवं सजगता से करें

भोपाल, प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति श्री फैज़ अहमद किदवई ने 'जागो ग्राहक जागो' महाभियान के तहत आम जनता से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति सतर्क और सजग रह कर उसका अधिक से अधिक उपयोग करें। श्री किदवई ने बताया कि रेल अथवा बैंकिंग के क्षेत्र में यदि आपने किसी सुविधा विशेष के लिए भुगतान किया है और वह सुविधा आपको प्रदान नहीं की जाती तो आप इसकी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

रेल यात्री करें अपने अधिकारों का उपयोग

प्रमुख सचिव श्री किदवई ने बताया कि यात्रा के दौरान वातानुकूलित डिब्बे में एयर कंडिशन काम नहीं कर रहा है, तो यात्री रेल्वे से शिकायत करने का हकदार है। यात्रा शुल्क के अंतर की वापसी के लिए वह टीटीआई अथवा गार्ड से इस आशय का प्रमाण-पत्र प्राप्त करे। इसके साथ किराये की राशि में भोजन तथा बिस्तर के लिए शुल्क लिया गया हो और सुविधा प्रदान नहीं की गई हो अथवा सुविधा गुणवत्ता पूर्ण न हो तो यात्री उपयुक्त धनराशि की वापसी के हकदार हैं। ट्रेन यात्रा में घटित दुर्घटना या डकैती की परिस्थिति में यात्री मुआवजे के लिए हकदार हैं। यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी रेल्वे की है। इसके साथ यात्रा के दौरान कोई शिकायत दर्ज कराना चाहें तो स्टेशन मास्टर या महाप्रबंधक के पास उपलब्ध शिकायत पुस्तिका में अवश्य शिकायत दर्ज करायें।

उपभोक्ता सजगता से करें एटीएम का उपयोग

प्रमुख सचिव ने एटीएम उपभोक्ताओं से कहा कि एटीएम का उपयोग आज जितनी तेज गति से हो रहा है, उससे उपभोक्ताओं की लापरवाही के कारण धोखाधड़ी की घटनाएं भी काफी तेजी से बढ़ी हैं। एटीएम के प्रयोग के समय उपभोक्ता को ध्यान रखना चाहिए कि आसपास कोई अन्य व्यक्ति न हो जो आपके पिनकोड और पासवर्ड पर निगाह रखे हुए हो। पैसे की निकासी में कठिनाई आने पर ट्रांजेक्शन तुरंत कैंसिल कर दें। अनजान व्यक्ति की सहायता न लें।

जॉब अलर्ट

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मुंबई

पद का नाम - इंजीनियर/अनुसंधान विकास पेशेवर- मुख्य प्रबंधक/उप-महाप्रबंधक (कैटेलिस्ट स्केल-अप), मुख्य प्रबंधक/उप महाप्रबंधक (एनैलिटिकल), मुख्य प्रबंधक/उप-महाप्रबंधक (इंजिन), सहायक प्रबंधक इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट सेल, सहायक प्रबंधक इंजिन, सहायक प्रबंधक/प्रबंधक पेट्रो-केमिकल्स और पॉलीमर्स, अधिकारी बायो-प्रोसेस, अधिकारी क्रूड और फ्यूल रिसर्च, इंजीनियरिंग-मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन
पदों की संख्या - 01, 01, 01, 02, 02, 01, 01, 01, 01.
इंजीनियरिंग - 120, 30, 25, 25
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 15 अप्रैल 2021
www.hindustanpetroleum.com

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद्, कोलकाता

पद का नाम - प्रदर्शिनी सहायक- 'ए'
पदों की संख्या - 02
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 9 अप्रैल 2021
www.ncsm.gov.in

संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली

पद का नाम - वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय-उपसचिव (बौद्धिक संपदा अधिकार), कार्पोरेट कार्य मंत्रालय-उपसचिव, शिक्षा मंत्रालय- उपसचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय-उपसचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय-उपसचिव
पदों की संख्या - 01, 01, 01, 01, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 03 मई 2021
www.upsconline.nic.in

सरदार वल्लभ भाई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, सूरत

पद का नाम - गैर शैक्षणिक पद- कार्यालय परिचर
पदों की संख्या - 17
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 19 अप्रैल 2021
www.svnit.ac.in

नागर विमानन मंत्रालय, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो, नई दिल्ली

पद का नाम - उप विमानन सुरक्षा अधिकारी/डीएएसओ, वरिष्ठ विमानन सुरक्षा सहायक/एसएएसए, स्टाफ कार ड्राइवर- ग्रेड I, II और सामान्य ग्रेड
पदों की संख्या - 08, 08, 05, 01, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 19 मई 2021
www.bcasindia.gov.in

विद्युत अपीलीय अधिकरण, नई दिल्ली

पद का नाम - कोर्ट मास्टर, पर्सनल असिस्टेंट
पदों की संख्या - 03, 05
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 1 मई 2021
www.aptel.gov.in

टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद

पद का नाम - तकनीकी अधिकारी (सी), परियोजना वैज्ञानिक अधिकारी (सी), परियोजना वैज्ञानिक अधिकारी (बी)
पदों की संख्या - 01, 01, 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 9 अप्रैल 2021
www.tifrh.res.in

मित्रानिकेतन कृषि विज्ञान केंद्र, तिरुवनंतपुरम्

पद का नाम - कार्यक्रम सहायक (कृषि प्रबंधक)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 19 अप्रैल 2021
www.mitrakvk.org

एडमिशन अलर्ट

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, इंदौर

पाठ्यक्रम का नाम - पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट-एमबीए. 2021-26
योग्यता - बारहवीं कक्षा या समकक्ष पास, (2019-20) 60 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण, इस वर्ष 12वीं की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र भी आवेदन के पात्र हैं।
अंतिम तिथि - 5 मई 2021
www.iimidr.ac.in

जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ, नोएडा, जयपुर, इंदौर

पाठ्यक्रम का नाम - पीजीडीएम/एमबीए प्रोग्राम्स, दो वर्षीय 2021-23
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है।
www.jaipuria.ac.in

वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान

पाठ्यक्रम का नाम - यूजी+पीजी - इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मेथमेटिकल एंड फिजीकल साइंसेस, आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, डिजाइन, लॉ, लाइफ साइंसेज, अर्थसाइंस, एविएशन, मैनेजमेंट स्टडीज, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, फाइन आर्ट्स, ह्यूमेनिटिज एंड सोशल साइंसेस, एजुकेशन, होम साइंस, नर्सिंग
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 30 अप्रैल 2021, लेट फीस के साथ 15 मई 2021
www.banasthali.org

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, संबलपुर

पाठ्यक्रम का नाम - एग्जीक्यूटिव एमबीए प्रोग्राम्स 2021-22
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 31 मई 2021
www.iimsambalpur.ac.in

एमिटी यूनिवर्सिटी, ग्वालियर

पाठ्यक्रम का नाम - यूजी और पीजी प्रोग्राम्स-मैनेजमेंट, मीडिया एंड कम्युनिकेशन, इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस/आईटी, लिबरल आर्ट्स, लॉ, बॉयोटेक्नोलॉजी, कॉमर्स, फार्मेसी, आर्किटेक्चर, सायकोलॉजी, फैशन
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश आरंभ है।
www.amity.edu/gwalior

पर्ल एकेडमी, बेंगलुरु, दिल्ली, जयपुर, मुंबई

पाठ्यक्रम का नाम - यूजी एंड पीजी प्रोग्राम्स इन डिजाइन, फैशन, बिजनेस एंड मीडिया
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रक्रिया आरंभ।
www.pearlacademy.com

एमआईटी-एडीटी यूनिवर्सिटी, पुणे

पाठ्यक्रम का नाम- बी.टेक इन बॉयोइंजीनियरिंग, इंटीग्रेटेड एम.टेक इन बॉयोइंजीनियरिंग (5 वर्षीय), एम.टेक इन इनवायरमेंटल बॉयोइंजीनियरिंग, बॉयोटेक्नोलॉजी, बॉयोइंफॉर्मेटिक्स, बॉयोमेडिकल एंड बॉयोमटेरियल्स
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रक्रिया आरंभ।
www.mitbio.edu.in

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

कंसोर्टियम ऑफ मेडिकल, इंजीनियरिंग एंड डेंटल कॉलेज ऑफ कर्नाटक टेस्ट-2021 (COMEDK UGET-21)

संस्था का नाम - यूनी-गाउज-ई, बेंगलुरु
किसके लिए - मेडिकल, इंजीनियरिंग, डेंटल में यूजी करने के लिये कर्नाटक के कॉलेजों के लिये एंट्रेंस एक्जाम देने वाले छात्रों के लिये।
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 20 मई 2021
www.unigauge.com

धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम-2021 राजपत्र में प्रकाशन के साथ प्रदेश में लागू

भोपाल, मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 गजट नोटिफिकेशन के बाद तत्काल प्रभाव से प्रदेश में लागू हो गया है। विधानसभा द्वारा पारित अधिनियम राज्यपाल की अनुमति के बाद मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में 27 मार्च 2021 को प्रकाशित हो गया है।

मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम में एक धर्म से अन्य धर्म में विधि विरुद्ध संपरिवर्तन का प्रतिषेध, धर्म संपरिवर्तन के विरुद्ध परिवाद, धारा के उपबंधों के उल्लंघन के लिये दण्ड आदि का प्रावधान किया गया है। किसी व्यक्ति का धर्म संपरिवर्तन करने के आशय के साथ किया गया विवाह अकृत तथा शून्य होगा। इस संबंध में संपरिवर्तित व्यक्ति अथवा उसके माता-पिता या सहोदर भाई या बहन या न्यायालय की अनुमति से किसी व्यक्ति जो रक्त, विवाह या दत्तक ग्रहण संरक्षकता या अभिरक्षा जो भी लागू हो, द्वारा स्थानीय सीमाओं के भीतर न्यायालय में याचिका प्रस्तुत कर सकेंगे।

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के सामान्य प्रश्न - सामान्य भूगोल

1. **सीता नदी वन्यजीव अभ्यारण्य किस प्रदेश में है?**
(अ) मध्यप्रदेश (ब) झारखण्ड
(स) छत्तीसगढ़ (द) गुजरात
2. **छत्तीसगढ़ राज्य का गठन कब हुआ?**
(अ) 1 नवंबर 2000
(ब) 20 नवंबर 2000
(स) 11 जनवरी 2001
(द) 25 जून 2000
3. **पेंद्दा कृषि पद्धति का संबंध है?**
(अ) फार्मिंग कृषि
(ब) डेयरी कृषि
(स) स्थायी कृषि
(द) अस्थायी कृषि
4. **छत्तीसगढ़ की सीमा का अधिकांश भाग किस राज्य की सीमा से लगा हुआ है?**
(अ) मध्यप्रदेश (ब) महाराष्ट्र
(स) उत्तरप्रदेश (द) ओडिशा
5. **छत्तीसगढ़ के वनों में सर्वाधिक संख्या में पाया जाने वाला वृक्ष है?**
(अ) साल (ब) सागौन
(स) बीजा (द) बांस
6. **छत्तीसगढ़ के किस जिले से होकर कर्क रेखा गुजरती है?**
(अ) कोरिया (ब) बलरामपुर
(स) सूरजपुर (द) उपरोक्त सभी
7. **छत्तीसगढ़ को किस उपनाम से जाना जाता है?**
(अ) धान का कटोरा
(ब) हर्बल स्टेट
(स) जीरो पावर कट स्टेट
(द) उपरोक्त सभी
8. **छत्तीसगढ़ राज्य देश का कौन से नम्बर का राज्य है?**
(अ) 25वां (ब) 26वां
(स) 28वां (द) 29वां
9. **छत्तीसगढ़ में उच्च न्यायालय कहां है?**
(अ) रायपुर (ब) दुर्ग
(स) बस्तर (द) बिलासपुर
10. **छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा किस राज्य की सीमा को स्पर्श नहीं करती है?**
(अ) मध्यप्रदेश (ब) ओडिशा
(स) झारखण्ड (द) बिहार
11. **दण्डकारण्य किस नदी बेसिन का भाग है?**
(अ) महानदी (ब) गोदावरी
(स) इन्द्रावती (द) नर्मदा
12. **छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक मिट्टी कौन सी पायी जाती है?**
(अ) काली मिट्टी
(ब) जलोढ़ मिट्टी
(स) बलुई मिट्टी
(द) लाल और पीली मिट्टी
13. **छत्तीसगढ़ राज्य व ओडिशा के मध्य जल बंटवारे को लेकर किस नदी पर विवाद है?**
(अ) इन्द्रावती नदी (ब) शबरी नदी
(स) महानदी (द) ईब नदी
14. **महानदी की प्रमुख सहायक नदी है?**
(अ) हसदो नदी
(ब) शिवनाथ नदी
(स) मांड व मनियारी नदी
(द) इनमें से कोई नहीं
15. **किस नदी पर मिनीमाता परियोजना स्थित है?**
(अ) महानदी
(ब) हसदेव नदी
(स) शिवनाथ नदी
(द) इनमें से कोई नहीं
16. **कोरबा किस नदी के किनारे बसा हुआ है?**
(अ) महानदी
(ब) इन्द्रावती नदी
(स) शिवनाथ नदी
(द) हसदेव नदी
17. **चित्रकोट जल प्रपात किस नदी पर है?**
(अ) ईब नदी
(ब) इन्द्रावती नदी
(स) शिवनाथ नदी
(द) जोंक नदी
18. **छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिनीमाता सम्मान किस क्षेत्र में दिया जाता है?**
(अ) युवा कल्याण
(ब) महिला उत्थान
(स) अहिंसा
(द) पर्यावरण संरक्षण
19. **छत्तीसगढ़ के किन जिलों में यूरेनियम के भण्डार हैं?**
(अ) राजनांदगांव (ब) रायपुर
(स) धमतरी (द) कवर्धा
20. **सरगुजा के तातापानी क्षेत्र में पाया जाता है?**
(अ) चूना पत्थर (ब) खनिज तेल
(स) कोयला (द) वॉक्साइड
21. **इन्द्रावती राष्ट्रीय उद्यान किस जिले में स्थित है?**
(अ) बिलासपुर (ब) सरगुजा
(स) बीजापुर (द) रायपुर
22. **छत्तीसगढ़ का लोकनृत्य 'सुआ नृत्य' किस पर्व में किया जाता है?**
(अ) दीपावली
(ब) होली
(स) मकर संक्राति
(द) इनमें से कोई नहीं
23. **'पंडवानी' गायन किस ग्रंथ पर आधारित है?**
(अ) महाभारत
(ब) रामायण
(स) शिवपुराण
(द) रामचरित मानस
24. **छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी जनजाति है?**
(अ) भील (ब) मुडिया
(स) उरॉव (द) गोण्ड
25. **छत्तीसगढ़ की मैकाल श्रेणी की पहाड़ियों में सबसे ऊंची चोटी कौन सी है?**
(अ) देवगढ़ (ब) बदरगढ़
(स) लाफागढ़ (द) रायगढ़
26. **वैदिककाल में छत्तीसगढ़ का उल्लेख किस नाम से हुआ है?**
(अ) दक्षिण कौशल
(ब) विन्ध्याचल
(स) महाकौशल
(द) इनमें से कोई नहीं
27. **प्रेमनगर ताप विद्युत परियोजना किस जिले में है?**
(अ) जशपुर (ब) सरगुजा
(स) बस्तर (द) दंतेवाड़ा
28. **छत्तीसगढ़ से निर्यात किया जाने वाला लौह अयस्क किस बन्दरगाह से निर्यात किया जाता है?**
(अ) चेन्नई (ब) मुम्बई
(स) विशाखापट्टनम (द) कोच्चि
29. **किस जिले को 'साल' वनों का द्वीप कहा जाता है?**
(अ) कोरबा (ब) रायपुर
(स) बस्तर (द) सरगुजा
30. **छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस प्रशिक्षण अकादमी कहां स्थित है?**
(अ) रायपुर (ब) भिलाई
(स) सूरजपुर (द) जगदलपुर
31. **छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन का नामकरण किसके नाम पर किया गया है?**
(अ) तीजनबाई
(ब) मिनीमाता
(स) महर्षि महेश योगी
(द) इनमें से कोई नहीं
32. **निम्न में से किसे "छत्तीसगढ़ का खजुराहो' कहा जाता है?**
(अ) लक्ष्मण मन्दिर
(ब) भोरमदेव मन्दिर
(स) राजीव लोचन मन्दिर
(द) दंतेश्वरी मन्दिर
33. **महंत घासीदास संग्रहालय कहां स्थित है?**
(अ) धमतरी (ब) रायपुर
(स) बिलासपुर (द) महासमुन्द
34. **छत्तीसगढ़ औषधीय पादप बोर्ड का गठन कब किया गया?**
(अ) जुलाई 2004 (ब) जून 2000
(स) जुलाई 200 (द) सितंबर 2006

उत्तरमाला

1. स, 2. अ, 3. द, 4. द, 5. अ, 6. द, 7. द, 8. ब, 9. द, 10. द, 11. ब, 12. द, 13. स, 14. ब, 15. ब, 16. द, 17. ब, 18. ब, 19. अ, 20. स, 21. स, 22. अ, 23. अ, 24. द, 25. ब, 26. अ, 27. ब, 28. स, 29. स, 30. अ, 31. ब, 32. ब, 33. ब, 34. अ।

- डॉ. संदीप सारवान
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय टोंकखुर्द, जिला देवास में भूगोल के सहायक प्राध्यापक हैं)

खेल चर्चा

स्विट्जरलैंड टूरिज़्म के ब्रांड एम्बेसडर बने रोजर फेडरर

बर्न, दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर को स्विट्जरलैंड का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है। इसकी जानकारी उन्होंने खुद अपने ट्विटर अकाउंट पर दी है। फेडरर ने स्विस नेशनल टूरिज़्म बोर्ड के साथ लंबे समय का करार किया है। उनका टूरिज़्म बोर्ड के साथ जुड़ने का मकसद देश में पर्यटन को बढ़ावा देना है। स्विट्जरलैंड टूरिज़्म के कार्यकारी अधिकारी मार्टिन निगेदर के मुताबिक, देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रोजर फेडरर उचित व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि देश और उसकी प्रकृति ने रोजर फेडरर के कॅरियर में बेहतरीन योगदान दिया है। स्विट्जरलैंड का टूरिज़्म ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने के बाद रोजर फेडरर ने कहा, मैंने हमेशा यही सोचा कि जब टेनिस कोर्ट पर कदम रखूं तो स्विट्जरलैंड का प्रतिनिधित्व करूं। उन्होंने कहा कि देश के टूरिज़्म के साथ जुड़ना मेरे लिए खुशी की बात है।

छह गेंद में 6 छक्के

श्रीलंका के पहले क्रिकेटर बने परेरा

कोलंबो, श्रीलंका के ऑलराउंडर थिसारा परेरा प्रफेशनल क्रिकेट में 6 गेंदों पर 6 छक्के लगाने वाले श्रीलंका के पहले क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने घरेलू टूर्नामेंट मेजर्स कप लिमिटेड ओवर टूर्नामेंट में आर्मी स्पोर्ट्स क्लब की ओर से खेलते हुए ब्लूमफील्ड क्लब के ऑफ स्पिनर दिल्हन कूरे के एक ओवर में 6 छक्के लगाए। परेरा ने 13 गेंद पर नाबाद 52 रन की पारी खेली। हालांकि खराब रोशनी के कारण मैच को रद्द करना पड़ा। परेरा जब पांच नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे तब पारी की केवल 20 गेंद बची थीं। आर्मी स्पोर्ट्स क्लब ने पहले खेलते हुए 41 ओवर में 3 विकेट पर 318 रन बनाए। बारिश के कारण मैच को 50 ओवर की जगह 41 ओवर का कर दिया गया था। लेकिन खराब रोशनी के कारण मैच को रद्द करना पड़ा और दोनों टीमों को दो-दो अंक मिले।

विश्व कप क्वालीफायर

जर्मनी को हराकर नार्थ मेसोडोनिया ने किया उलटफेर

डुइसबर्ग, नॉर्थ मेसेडोनिया की टीम ने जर्मनी को 2-1 से हराकर बड़ा उलटफेर किया, 2014 के विश्व चैंपियन की फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग में पिछले 20 वर्षों में पहली हार है। गोरान पांडेव ने पहले हाफ के इंजुरी टाइम में नॉर्थ मेसेडोनिया की तरफ से पहला गोल किया। जर्मनी ने 63वें मिनट में इल्की गुंडोगन के पेनाल्टी पर किए गए गोल से बराबरी की, लेकिन इलिफ इल्मास ने 85वें मिनट में नॉर्थ मेसेडोनिया को फिर से बढ़त दिला दी। जर्मनी इसके बाद बराबरी का गोल नहीं दाग पाया। इस जीत से नॉर्थ मेसेडोनिया ग्रुप-जे में जर्मनी से आगे दूसरे स्थान पर पहुंच गया। जर्मनी ने इससे पहले विश्व कप क्वालीफाइंग में अपना आखिरी मैच 2001 में इंग्लैंड से 1-5 से गंवाया था। इसके बाद वह लगातार 35 मैचों में अजेय रहा। इनमें से पिछले 18 मैचों में उसने जीत दर्ज की थी। नॉर्थ मेसेडोनिया कभी विश्व कप में नहीं खेला है, लेकिन वह इस साल यूरोपियन चैंपियनशिप में भाग लेगा।

इंग्लैंड का भारत दौरा

भारत ने 2-1 से जीती वन-डे सीरीज

पुणे, इंग्लैंड के साथ खेली गई 3 मैचों की वन-डे सीरीज पर भी भारत ने अपना कब्जा कर लिया है। भारत ने आखिरी निर्णायक और रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को 7 रनों से हराया। आखिरी निर्णायक वन-डे में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम 48.2 ओवर में 329 रन के स्कोर पर ऑलआउट हुई। जवाब में इंग्लिश टीम 9 विकेट गंवाकर 322 रन ही बना सकी।

भारत को रोहित शर्मा और शिखर धवन ने अच्छी शुरुआत दिलाई, दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी हुई। इस साझेदारी को राशिद ने रोहित (37) को आउट कर तोड़ा। रोहित के बाद धवन (67) और कप्तान विराट कोहली तथा केएल राहुल भी जल्द पैवेलियन लौट गए। टीम इंडिया ने एक समय 157 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। यहां से ऋषभ पंत (78) और हार्दिक पंड्या (64) ने टीम को संभाला। दोनों ने 5वें विकेट के लिए 73 बॉल पर 99 रन की पार्टनरशिप की। पंत ने 62 बॉल पर सबसे ज्यादा 78 रन बनाए। आखिर में शार्दुल ठाकुर ने 21 बॉल पर 30 रन बनाए और टीम के स्कोर को 329 तक पहुंचाया। सीरीज में पहली बार इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। पहली बार टीम ने शुरुआती 10 ओवर में विकेट गंवाए। 330 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने 28 रन पर 2 विकेट गंवा दिए थे। 155 रन पर इंग्लैंड की आधी टीम पवेलियन लौट गई थी। सैम करन ने आखिर में मोइन अली और आदिल राशिद के साथ मिलकर मैच जीतने की कोशिश जरूर की, लेकिन नाकाम रहे। करन ने राशिद के साथ 8वें विकेट के लिए 53 बॉल पर 57 रन की पार्टनरशिप कर टीम को जीत के करीब पहुंचाने की कोशिश की। 257 के स्कोर पर राशिद भी आउट हो गए, यहां से टीम वापसी नहीं कर सकी और लक्ष्य के खिलाफ 322 रन तक ही पहुंच सकी। भारत की ओर से शार्दुल ठाकुर ने 4, भुवनेश्वर कुमार ने 3 और टी नटराजन ने 1 विकेट चटकाए।

- भारतीय टीम ने घर में इंग्लैंड के खिलाफ लगातार छठी द्विपक्षीय वन-डे सीरीज जीती है।
- सीरीज में 70 छक्के लगे जो 3 मैचों की वन-डे सीरीज में सर्वाधिक हैं।
- भारत ने पहली बार 6 वन-डे में लगातार 300 से अधिक का स्कोर बनाया।
- बतौर कप्तान कोहली का यह तीनों फॉर्मेट मिलाकर (टेस्ट, वनडे, टी-20) 200वां इंटरनेशनल मैच रहा।
- जॉनी बेयरस्टो मैन ऑफ द सीरीज और सैम करन मैन ऑफ द मैच चुने गए।
- भारतीय टीम ने दौरे पर आई इंग्लैंड टीम को क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शिकस्त दी। 4 टेस्ट मैचों की सीरीज में 3-1 और 5 टी-20 मैचों की सीरीज में 3-2 से हराया।

आईएसएसएफ शूटिंग विश्व कप

पदक तालिका में शीर्ष पर रहा भारत

नई दिल्ली, भारत ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व कप में अपने अभियान को अब तक के सबसे अधिक मेडलों के साथ खत्म किया। टोक्यो ओलिंपिक से पहले राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के आखिरी बड़े अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की पदक तालिका में शीर्ष पर काबिज भारत ने 15 गोल्ड सहित 30 मेडल अपने नाम किये। इसमें नौ सिल्वर मेडल और छह ब्रॉन्ज मेडल भी शामिल हैं। वहीं पदक तालिका में अमेरिका 8 मेडल के साथ दूसरे नंबर पर रहा। उसने 4 गोल्ड, 3 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल जीता। जबकि इटली 2 गोल्ड और 2 ब्रॉन्ज मेडल के साथ तीसरे नंबर पर रहा।

डब्ल्यूडब्ल्यूई ने भारतीय दिग्गज द ग्रेट खली को हॉल ऑफ फेम में किया शामिल

धर्मशाला, 'द ग्रेट खली' नाम से मशहूर भारतीय रेसलर दलीप सिंह राणा को 2021 डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेम में शामिल करने की घोषणा की गई है। यह जानकारी इंस्टाग्राम पर डब्ल्यूडब्ल्यूई इंडिया ने साझा की है। इसके लिए 6 अप्रैल को एक समारोह आयोजित होगा। 7 फीट एक इंच लंबे रेसलर खली ने 20 जुलाई 2007 को 19 स्मैकडाउन सुपरस्टार्स को एलिमिनेट करने के बाद स्मैकडाउन वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियनशिप जीती थी।

अर्जेंटीना में भारतीय पुरुष हॉकी टीम की अगुआई करेंगे मनप्रीत

नई दिल्ली, मनप्रीत सिंह ओलिंपिक चैंपियन अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले एफआईएच यानी अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ प्रो लीग मैचों में भारतीय टीम की अगुआई करेंगे। मनप्रीत निजी कारणों से हाल में यूरोप दौरे पर नहीं गए थे। इसके साथ ही अनुभवी ड्रैग फ्लिकर रुपिंदर पाल सिंह और वरुण कुमार की भी टीम में वापसी हुई है। वे चोटिल होने के कारण पिछले दौरे पर नहीं जा पाए थे। हॉकी इंडिया ने 22 सदस्यीय टीम घोषित की है, जो ब्यूनस आयर्स में 11 और 12 अप्रैल को अर्जेंटीना का सामना करेगी। भारत इसके अलावा जुलाई में होने वाले टोक्यो ओलिंपिक की तैयारियों के सिलसिले में अर्जेंटीना के खिलाफ छह और सात अप्रैल तथा 13 और 14 अप्रैल को अभ्यास मैच भी खेलेगा।

भारतीय हॉकी टीम इस प्रकार है

मनप्रीत सिंह (कप्तान), रुपिंदर पाल सिंह, वरुण कुमार, पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, सुरेंद्र कुमार, वीरेंद्र लाकड़ा, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, शमशेर सिंह, गुरजंत सिंह, दिलप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, जसकरण सिंह, सुमित, शैलानंद लाकड़ा, आकाशदीप सिंह, रमनदीप सिंह, सिमरनजीत सिंह।



फीफा महिला विश्व कप 2023

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के नौ शहरों में होंगे मैच

ज्यूरिख, महिला विश्व कप फुटबॉल 2023 के मैच ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के नौ शहरों में खेले जाएंगे। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के अनुसार महिला विश्व कप 2023 के मैच एडिलेड, ऑकलैंड, ब्रिस्बेन, डयूनडिन, हैमिल्टन, मेलबर्न, पर्थ, सिडनी और वेलिंगटन में खेले जाएंगे।

पहला मैच ऑकलैंड के ईडन पार्क में होगा जबकि फाइनल सिडनी स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दोनों एक-एक सेमीफाइनल की मेजबानी करेंगे।

यह पहला विश्व कप होगा जिसे दो अलग अलग परिसंघों के सदस्य संयुक्त तौर पर आयोजित करेंगे। ऑस्ट्रेलिया 2006 में एशियाई परिसंघ से जुड़ गया था जबकि न्यूजीलैंड ओसेनिया परिसंघ का सदस्य है।

यही नहीं इस विश्व कप में पहली बार 32 टीमें भाग लेंगी। इससे पहले 2019 तक 24 टीमों के बीच विश्व कप खेला जाता रहा।

प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हमारे खिलाड़ी - खेल मंत्री

भोपाल, राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ी फराज खान और राजू सिंह भदौरिया ने खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया से सौजन्य भेंट की और उन्हें राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में अर्जित उपलब्धि से अवगत कराया। खेल मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में हमारे खिलाड़ी लगातार पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और लगातार पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं।

फराज और राजू ने प्रदेश को दिलाए दो स्वर्ण और एक रजत पदक

पिछले दिनों बेंगलुरु के अग्रम राइडिंग क्लब में सम्पन्न राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी के खिलाड़ी फराज खान और राजू सिंह भदौरिया ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक मध्यप्रदेश को दिलाए। प्रतियोगिता में फराज खान ने हर्लीकेन अश्व पर प्रतिभा प्रदर्शन करते हुए कॉनकार्ड क्रॉस कन्ट्री नेशनल (सीसीएन) धन स्टार सीनियर व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक अर्जित किया। प्रतियोगिता के प्री नोवाइस टीम इवेन्ट में फराज खान ने अजान अश्व और राजू सिंह ने प्रताप अश्व पर प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश को स्वर्ण पदक दिलाया। प्रतियोगिता में राजू सिंह ने प्री-नोवाइस क्रॉस कन्ट्री व्यक्तिगत स्पर्धा में प्रताप अश्व पर प्रदर्शन कर रजत पदक अर्जित किया। अकादमी के खिलाड़ी फराज खान, राजू सिंह भदौरिया ने घुड़सवारी अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक कैप्टन भागीरथ के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भागीदारी की।

घुड़सवारों की उपलब्धियां

घुड़सवारी अकादमी में वर्ष 2007 में प्रवेश लेकर खेल की बारीकियां सीख रहे फराज खान ने अंतर्राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में 4 स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य सहित 11 पदक देश को दिलाए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में 27 पदक प्रदेश को दिलाए हैं। इनमें 11 स्वर्ण, 9 रजत और 7 कांस्य पदक शामिल हैं। इसी तरह वर्ष 2016 से मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी में प्रशिक्षणरत राजू सिंह भदौरिया ने अंतर्राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक देश को दिलाया है। राजू सिंह ने राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में 25 पदक प्रदेश को दिलाए हैं, जिनमें 11 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं।

मियामी ओपन

नाओमी ओसाका को मारिया ने किया बाहर

मियामी, मारिया सकारी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका के 23 मैचों से चले आ रहे विजयी अभियान पर रोक लगाकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। चुनान की 23वीं वरीयता प्राप्त सकारी ने विश्व में नंबर दो ओसाका को आसानी से 6-0, 6-4 से हराया। जापानी खिलाड़ी ओसाका की फरवरी 2020 के बाद यह पहली हार है। इससे उनकी एश्ले बार्टी की जगह फिर से नंबर एक बनने की संभावना भी समाप्त हो गई है। बार्टी पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी हैं। सकारी का अगला मुकाबला कनाडा की आठवीं वरीय बियांका आंद्रेस्कू से होगा जिन्होंने सारा सोरिबेस टोर्मो को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया। नाओमी ओसाका लंबे समय से मुकाबले और टूर्नामेंट जीतती चली आ रही थीं, लेकिन अब उनकी जीत का सिलसिला थम गया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

रजनीकांत को दादा साहब फाल्के अवॉर्ड

सुपरस्टार रजनीकांत को फिल्म जगत के सबसे बड़े सम्मान 51वें दादा साहब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। 3 मई को पुरस्कार वितरण होगा। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इसका ऐलान किया। पांच लोगों की ज्यूरी ने सिनेमा में रजनीकांत के योगदान को ध्यान रख नाम पर मुहर लगाई।

राउरकेला इस्पात संयंत्र सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

किसी देश के समावेशी विकास के लिए औद्योगिक उन्नति के साथ मजबूत आर्थिक संरचना जरूरी : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने राउरकेला इस्पात संयंत्र में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि किसी भी देश के समावेशी विकास के लिए औद्योगिक उन्नति के साथ मजबूत आर्थिक संरचना जरूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि राउरकेला इस्पात संयंत्र ने हमारे देश के औद्योगिक विकास में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी देश के समावेशी विकास के लिए औद्योगिक उन्नति के साथ-साथ मजबूत सामाजिक-आर्थिक संरचना भी जरूरी है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि इस बारे में राउरकेला इस्पात संयंत्र संवेदनशील है। इसने न केवल औद्योगिक गतिविधियों में बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति और खेल आदि के क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए सचेत प्रयास किए हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि अब तक यह क्षेत्र सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधा से वंचित था। उन्होंने आगे कहा कि छह साल

पहले प्रधानमंत्री ने एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में इस्पात जनरल अस्पताल को विकसित करने की नींव रखी थी और आज यह क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए तैयार है। राष्ट्रपति ने इस बात का उल्लेख किया कि यह अस्पताल न केवल ओडिशा, बल्कि झारखंड और छत्तीसगढ़ के निकटवर्ती क्षेत्रों की सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा जरूरतों को भी पूरा करेगा।

राष्ट्रपति ने आगे कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा, सुशासन के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। इन दोनों ने मानव सभ्यता के विकास में बहुत योगदान दिया है। लेकिन पिछले वर्षों में स्वास्थ्य सेवा की महत्ता ने दुनियाभर का ध्यान अपनी ओर खींचा है। कोविड-19 महामारी ने पूरे विश्व में अपना विशाल रूप दिखाया है। इस कठिन समय में हमारे चिकित्सक समुदाय ने एक अदृश्य और अज्ञात शत्रु के खिलाफ एक असाधारण लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि राउरकेला और इसके आसपास के क्षेत्रों में सेल के चिकित्सा दलों ने अपने अथक प्रयासों से लोगों की रक्षा करने का सराहनीय काम किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा समुदाय द्वारा दी गई निस्वार्थ सेवाओं और मानवता के प्रति समर्पण के लिए राष्ट्र हमेशा उनका ऋणी रहेगा।

राष्ट्रपति ने वैज्ञानिकों की भी उनकी अथक कोशिशों के लिए प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह केवल उनके लगातार प्रयासों से ही हुआ कि भारत में इतिहास का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। साथ ही, भारत न केवल टीकों के निर्माण में आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि हम अन्य देशों को भी निःशुल्क या बहुत ही उचित मूल्य पर टीके उपलब्ध करवा रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने हमें कई महत्वपूर्ण सबक दिए हैं। इनमें से एक सबक यह है कि एक देश के रूप में हमें स्वास्थ्य सेवा में सुधार और इसे सभी के लिए समान रूप से सुलभ बनाने का प्रयास जारी रखना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हाल के समय में हमने प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत अधिक निवेश किया है और इसके पीछे हमारा उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा का विस्तार करके कम सेवा प्राप्त लोगों और दूरगामी क्षेत्रों तक पहुंच बनाना है। उन्होंने कहा कि लोगों की माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार समान रूप से महत्वपूर्ण है। वहीं, राष्ट्रपति ने इस पर खुशी जाहिर की कि आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत भी इसका ध्यान रखा जा रहा है।

आकाश मिसाइल

नये संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण

सेना एवं रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने जैसलमेर जिले की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में आकाश

- **यह सतह से हवा में मार करने में सक्षम है। इसे सेना एवं वायुसेना के लिए खासतौर पर बनाया गया है।**

मिसाइल के नए संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। पोकरण रेंज में एक प्लेटफॉर्म पर तैनात एक बड़े वाहन से मिसाइल को आकाश में दागा गया जिसने अचूक निशाना साधते हुए लक्ष्य को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया। इस अवसर

पर सेना एवं डीआरडीओ के अधिकारी और वैज्ञानिक दल मौजूद था। इस सफलता के बाद सेना की मारक क्षमता मजबूत होगी।

ताइवान की सीमा में चीन की घुसपैठ

ताइवान में चीन की घुसपैठ लगातार जारी है। चीन पिछले कुछ महीनों से लगातार ताइवान में घुसपैठ कर रहा है।

अभी हाल ही में चीन ने ताइवान के एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन के दक्षिणी हिस्से में चार परमाणु बॉम्बर एच-6 के समेत 20 फाइटर जेट से घुसपैठ की जिसका मुंहतोड़ जवाब देते हुए ताइवान के किलर फाइटर जेट ने चीन के विमानों को चेतावनी दी।

हार्ट ऑफ एशिया सम्मेलन

अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र करे शांति की पहल

भारत ने कहा है कि अफगानिस्तान में शांति बहाल करने के लिये अब संयुक्त राष्ट्र को पहल करनी चाहिए। अफगानिस्तान को

- **अफगानिस्तान के भीतर तालिबान के बढ़ते हमले और उसके प्रभाव के बीच भारत ने अपनी अफगान नीति में बदलाव के संकेत दिए हैं।**

लेकर ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में आयोजित हार्ट ऑफ एशिया सम्मेलन में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने संबोधन में कहा कि अफगानिस्तान में स्थायी शांति के लिए किसी भी सच्ची और

विस्तृत कोशिश का भारत हमेशा समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र की अगुआई में शांति बहाली के लिए क्षेत्रीय प्रक्रिया का भी समर्थन करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र का नेतृत्व वहां इसकी तरफ से पारित सभी प्रस्तावों को सही मायने में लागू कराने और स्थायी शांति की राह की दिक्कतों को दूर करने में मददगार साबित होगा।

अमेरिका के दक्षिणी हिस्सों में बवंडर

अमेरिका के दक्षिणी हिस्सों में आए तेज आंधी-तूफान में कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार तूफान के कारण अलबामा के काल्होन काउंटी और वेस्ट जॉर्जिया में घरों को नुकसान पहुंचा। अलबामा में 17, जॉर्जिया में 05, मिसिसिपी में 01 बवंडर की पुष्टि करते हुए आपदा नियंत्रण विभाग ने अलर्ट भी जारी किया। पिछले वर्ष इसी तरह के बवंडर से टेनेसी में 25 लोगों की मौत हो गई थी। तूफान के कारण दक्षिण अमेरिका राज्य में प्राइमरी चुनाव के मतदान को कुछ समय के लिए रोक दिया गया था। तूफान की चपेट में आने के बाद स्थानीय लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कहा गया है।

स्वेज नहर में फंसा हुआ शिप बाहर निकला

मिस्र की स्वेज नहर में फंसे हुए कंटेनर शिप को बाहर निकाल दिया गया है। इसके साथ ही नहर में आवागमन सामान्य हो गया

- **5 जून 1967 को इजराइल ने मिस्र पर बमबारी कर दी थी। उस वक्त बुल्गारिया, चेकोस्लोवाकिया, फ्रांस, ब्रिटेन, पोलैंड, स्वीडन, पश्चिम जर्मनी और अमेरिका के 15 जहाज स्वेज नहर से गुजर रहे थे।**

है। पहली खेप में 43 जहाजों को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। शिप के फंसने के चलते यह मार्ग पिछले एक सप्ताह से बंद था, जिसकी वजह से नहर में 400 से अधिक जहाजों का जमावड़ा लग गया था। एवरग्रीन नाम के इस जहाज पर पनामा का झंडा लगा था। यह जहाज एशिया और यूरोप के बीच व्यापार करता है। एवरग्रीन

मरीन कॉर्प्स नामक ताइवान की एक शिपिंग कंपनी इस जहाज का संचालन करती है। स्वेज कनाल अथॉरिटी के चेयरमैन ओसामा रेबइ ने कहा कि शिप को निकालने के दौरान किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ। शिप को निकालने के लिए उसके नीचे की तीस हजार क्यूबिक मीटर मिट्टी निकालनी पड़ी तथा 11 छोटी और 2 बड़ी नौकाओं का सहारा लेना पड़ा। ज्ञात रहे कि स्वेज नहर भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है। इस मार्ग के जरिए एशिया से यूरोप जाने वाले जहाजों को अफ्रीका घूमकर नहीं जाना पड़ता है। नहर से प्रतिदिन साढ़े नौ अरब डॉलर का कारोबार होता है। कुल वैश्विक कारोबार का लगभग 12 फीसदी इसी नहर के माध्यम से होता है। यहां से गुजरने वाले वाहनों से मिस्र को विदेशी मुद्रा भी प्राप्त होती है। जहाज के फंसने से कनाल अथॉरिटी को प्रतिदिन 14 से 15 मिलियन डॉलर का नुकसान हो रहा था।

यूएन शांति रक्षकों के लिए भारत ने भेजे टीके

भारत ने संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन से जुड़े शांति रक्षकों के लिए कोविड-19 रोधी टीकों की दो लाख खुराक भेंट कीं।

इसके लिए संयुक्त राष्ट्र ने भारत सरकार और देशवासियों का आभार प्रकट किया। ज्ञात रहे कि शांति रक्षक कठिन परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। टीके की खुराक कतर एयरवेज के विमान के जरिए मुम्बई से रवाना की गई। यह खेप कोपेनहेगन जाएगी, जहां से विभिन्न मिशन तक पहुंचाई जायेगी। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार एक जनवरी 2021 तक विश्व में कुल 12 शांति अभियानों में 85 हजार 782 कर्मी तैनात थे।

गांधी शांति पुरस्कार वर्ष 2019 और 2020 की हुई घोषणा

वर्ष 2019 का गांधी शांति पुरस्कार ओमान के (दिवंगत) महामहिम सुल्तान काबूस बिन सैद अल सैद को प्रदान किया जा रहा है। वहीं वर्ष 2020 के लिए गांधी शांति पुरस्कार बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान को प्रदान किया जा रहा है। महामहिम सुल्तान काबूस एक दूरदर्शी नेता थे, जिनकी अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों के समाधान में संयम और मध्यस्थता की जुड़वां नीति ने उन्हें दुनिया भर में प्रशंसा और सम्मान दिलाया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रीय विवादों और संघर्षों में शांति प्रयासों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महामहिम सुल्तान काबूस भारत और ओमान के बीच विशेष संबंधों के शिल्पकार थे। उन्होंने भारत में पढ़ाई की थी और हमेशा भारत के साथ एक विशेष संबंध बनाए रखा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने

महामहिम सुल्तान काबूस के निधन पर भारत-ओमान संबंधों में उनके योगदानों को याद करते हुए कहा था कि वे 'भारत के सच्चे दोस्त थे और उन्होंने भारत एवं

- **पुरस्कार के तहत 1 करोड़ की राशि, एक प्रशस्ति पत्र, एक पट्टिका और एक अति सुंदर पारंपरिक हस्तकला/हथकरघा से बनी वस्तु दी जाती है।**
- **गांधी शांति पुरस्कार के लिए जूरी की अध्यक्षता माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की जाती है और इसमें दो पदेन सदस्य होते हैं, जिनमें भारत के मुख्य न्यायाधीश और लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता शामिल हैं।**
- **दो प्रतिष्ठित सदस्य भी जूरी का हिस्सा हैं, इनमें लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला और सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन के संस्थापक श्री विंदेश्वर पाठक शामिल हैं।**

ओमान के बीच एक रणनीतिक साझेदारी विकसित करने के लिए एक मजबूत नेतृत्व प्रदान किया था'। प्रधानमंत्री ने उन्हें 'दूरदर्शी नेता और राजनेता' और 'हमारे क्षेत्र और विश्व के लिए शांति के प्रतीक' के रूप में भी याद किया था।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बंगबंधु मानव अधिकारों और स्वतंत्रता के अग्रणी प्रणेता थे। वह भारतीयों के लिए भी एक नायक हैं। उन्होंने कहा कि बंगबंधु की विरासत और प्रेरणा ने दोनों देशों की विरासत को अधिक व्यापक और कहीं अधिक मजबूत बनाया है। बंगबंधु द्वारा दिखाए गए मार्ग ने पिछले एक दशक में दोनों देशों की साझेदारी, प्रगति और समृद्धि की मजबूत नींव रखी है।

इसके पहले यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाने वालों में तंजानिया के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जूलियस न्येरे, जर्मनी के डॉ. गेरहार्ड फिशर, रामकृष्ण मिशन, बाबा आम्टे (श्री मुरलीधर देवदास आम्टे), दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. नेल्सन मंडेला, बंग्लादेश ग्रामीण बैंक, दक्षिण अफ्रीका के आर्कबिशप डेसमंड टूटू, श्री चंडी प्रसाद भट्ट और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के नाम शामिल हैं। हाल के विजेताओं में साल 2015 में विवेकानंद केंद्र, साल 2016 में संयुक्त रूप से अक्षय पात्र फाउंडेशन, भारत और सुलभ इंटरनेशनल, 2017 में एकल अभियान ट्रस्ट और साल 2018 में जापान के श्री योही ससाकावा जैसे प्रख्यात लोगों के नाम शामिल हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।